दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। सोमवार 20 मई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 220 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3












# 5वें चरण की 49 सीटों पर आज होगा मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए शनिवार को प्रचार थम गया है। आज होने वाले इस चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोटिंग होनी है। इनमें हाई-प्रोफाइल रायबरेली और अमेठी सीटें भी शामिल हैं, जहां से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री क्रमशः स्मृति ईरानी मैदान में हैं। केरल के वायनाड से चुनाव लड़ने वाले राहुल गांधी, नेहरू-गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली से भी चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस सीट का प्रतिनिधित्व 2004 से उनकी मां सोनिया गांधी कर रही थीं। भाजपा ने यूपी के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मध्य कश्मीर के गांव सोइबुघ में एक रोड शो किया, जो कभी उग्रवाद का केंद्र था।




पांचवें चरण में जिन 49 सीटों पर चुनाव होना है, इनमें से 40 से अधिक सीटें एनडीए के पास हैं। इस चरण की सीटों के लिए प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने तुष्टिकरण, वंशवादी राजनीति, राम मंदिर, नागरिकता के मुद्दों पर जोर देकर क्ष्ठ्रऋ्रअ ब्लॉक की पार्टियों द्वारा पेश की गई चुनौती को रोकने की कोशिश की। मोदी ने दावा किया, "अगर सपा और कांग्रेस सत्ता में आये तो वे रामलला को वापस तंबू में भेज देंगे और मंदिर पर बुलडोजर चला देंगे।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहता है। वहीं कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक की पार्टियों ने भाजपा पर अपनी हिंदू-मुस्लिम राजनीति के साथ मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने और बेरोजगारी व महंगाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित नहीं करने का आरोप लगाया।

## भाजपा हेडक्वार्टर पर आप का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आप सांसदों, विधायकों और नेताओं के साथ भाजपा हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन के लिए मार्च किया। वे दोपहर 12 बजे आम आदमी पार्टी के ऑफिस पहुंचे और आधे घंटे बाद पार्टी नेताओं के साथ 800 मीटर दूर भाजपा हेडक्वार्टर की ओर कूच कर गए। हालांकि प्रदर्शन किसी बड़े नेता की गिरफ्तारी के बिना करीब 1:30 बजे खत्म हो गया।



पुलिस ने कुछ आप समर्थकों को हिरासत में लिया, जिन्हें कुछ देर बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। भाजपा ऑफिस के बाहर धारा 144 लगा दी गई थी।

साथ ही आने-जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई थी। अरविंद केजरीवाल ने 18 मई को स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी अपने पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद वीडियो जारी कर भाजपा हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन की घोषणा की थी।

## राहुल-अखिलेश की रैली में हंगामा, वापस लौटे दोनों नेता

**लखनऊ।** यूपी के फूलपुर और प्रयागराज में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की संयुक्त रैली में जमकर हंगामा हुआ। जानकारी के मुताबिक कार्यकर्ता बैरिकेडिंग फांदकर स्टेज के करीब पहुंच गए। इसके बाद फूलपुर में राहुल गांधी और अखिलेश स्टेज पर मौजूद नेताओं से मुलाकात करके निकल गए। इतना ही नहीं, उन्होंने जनसभा को संबोधित भी नहीं किया।



फूलपुर के बाद प्रयागराज में इंडिया ब्लॉक की संयुक्त रैली हुई। यहां राहुल गांधी पहले से ही मंच पर मौजूद थे, थोड़ी देर बाद अखिलेश यादव भी मंच पर पहुंच गए। इसके बाद ग्राउंड पर मौजूद कार्यकर्ता आगे की ओर बढ़ने लगे। ऐसा होने पर मंच से कहा गया कि कार्यकर्ता संयम रखें, बैरिकेड न तोड़ें। मीटिंग को सुचारू रूप से चलने दीजिए, लेकिन कार्यकताओं की भीड़ बैरिकेडिंग तोड़कर मंच के करीब पहुंच गई।

इसके बाद अखिलेश यादव ने मंच से कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोग अपनी बात आप लोगों के बीच में रखने आए हैं, मैं जानता हूं कि आपका उत्साह बढ़ा हुआ है, ये जोश हमें वोट डालने की तारीख तक बनाए रखना है। इससे पहले हम फूलपुर में थे, जैसा जोश और उत्साह यहां देखने को मिल रहा है, वैसा ही जोश फूलपुर में था। इस इलाके में ये पहली बार नहीं है, मैं जब पिछले चुनाव में आया था तो आपसे अपनी बात भी नहीं रख पाए थे, इसके बाद भी आपने समाजवादी पार्टी को वोट दिए थे।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने कसा तंज

## फूलपुर से बैरंग लौटाई गई दो लड़कों की जोड़ी

**प्रयागराज।** फूलपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में सिकंदरा रौजा में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह धरती इतिहास बनाने वाली है। एक बार फिर फूलपुर में इतिहास बनेगा। उन्होंने कहा कि अभी-अभी पता चला है कि दो लड़कों की जोड़ी बैरंग गई है। 2017 और 2019 में दो लड़कों की जोड़ी को फूलपुर की जनता खारिज कर चुकी है।



सीएम ने कहा कि जो दलित, पिछड़ों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने थे। उनको मिट्टी में मिला दिया गया है। अब देश खुश है। सपा वालों को देश की नहीं अपनी राजनीति की चिंता है। उनके काले कारनामे से आप परिचित ही होंगे। उन्होंने कहा कि फूलपुर के एक मौर्या परिवार की जमीन माफिया ने कब्जा कर ली थी। भाजपा सरकार में उसकी जमीन दिलवाई गई और माफिया को मिट्टी मिला दिया गया।

दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है। भारत अब सुरक्षित है। पूर्व के सरकार में गरीबों का राशन सपा के गुंडे हड़पते थे। अब देश की 80 करोड़ जनता को फ्री में राशन मिल रहा है। 60 करोड लोगों को स्वास्थ्य बीमा का कार्ड बनवा दिया गया है। 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। 12 करोड लोगों के घरों में शौचालय बनवाए गए। 10 करोड लोगों को रसोई गैस सिलेंडर कनेक्शन दिया गया।

सरकार ने माफिया को मिट्टी मिलने का काम किया है। उन्होंने प्रवीण पटेल के लिए वोट देने की अपील की है। समर्थकों से कहा कि अगले पांच दिन में सभी को दो काम करने होंगे। रोजाना आसपास के घर-घर में जाकर लोगों को कमल खिलाने की अपील करनी होगी। लोगों से हाथ उठवाकर पूछा कि अब तक कितने लोग अयोध्या का दर्शन कर चुके हैं। लोगों ने हां में जवाब दिया। योगी ने कहा कि जो न दर्शन किए हो उनको अब यहां की विधायक चुनाव बाद राम मंदिर का दर्शन करवाएंगे।

# शहर के हर पार्किंग स्थल पर लगेंगे रेट लिस्ट वाले बोर्ड

## पार्किंग माफियाओं पर नगर आयुक्त का प्रहार, अधिकारियों को दिए मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश

● अब आई कार्ड पहने दिखेंगे पार्किंग संचालकों के कर्मचारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम अब शहर में अवैध रूप से पार्किंग और ठेके पर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। इसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगर निगम मुख्यालय के प्रभारी पार्किंग डॉ. संजीव सिन्हा को निर्देशित किया है कि पार्किंग स्थलों पर निर्धारित शुल्क के बोर्ड लगे। उसी के तहत पार्किंग शुल्क वसूला जाए। इसके अलावा किसी प्रकार की लापरवाही या शिकायत प्राप्त होने पर नगर आयुक्त कार्रवाई करेंगे। वहीं पार्किंग संचलकों को उनकी जिम्मेदारी बताते हुए प्रशिक्षण देकर अपनी टीम बनाने के लिए कहा गया है।



जिसमें नियमानुसार पार्किंग शुल्क वसूली हो और निर्धारित स्थान पर ही पार्किंग चलने का काम हो। इसके साथ ही जो टीम पार्किंग और कर्मचारी शामिल हों, उनके पास आई कार्ड हो यह भी निर्देश दिया गया है। साथ ही निगम की पार्किंग चलाने वालों को निर्देश दिया गया है कि वह नियमों के विरुद्ध काम करेंगे, तो उनका ठेका भी निरस्त किया जा सकता है।

### निर्धारित स्थान पर तय शुल्क लें पार्किंग मालिक, अधिकारी दें ध्यान

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्देश दिया है की पार्किंग संचालक सही प्रकार से पार्किंग संचालित करें और जितनी जगह और धनराशि उनकी तय की गई है, उसी के अनुरूप वसूली करें। अगर वह नियम का उल्लंघन करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी पार्किंग संचालकों को वाहनों की दर और समय का जो रेट तय किया गया है वह लगाना अनिवार्य है। साथ ही उनके कर्मचारियों को आई कार्ड भी पहनना होगा ताकि फर्जी और असली पार्किंग की पहचान हो सके।



### क्या सिटी से लेकर नदियापार तक एक जैसा चलेगा पार्किंग का ठेका

करंट क्राइम : नगर निगम शहर में बड़ी संख्या में पार्किंग के ठेके छोड़ता है। यह उसकी आय का एक जरिया भी है, लेकिन पार्किंग के ठेके हमेशा से विवादों के घेरे में रहे हैं। कभी इस पर सत्ताधारी नेताओं का संरक्षण रहा है। तो कभी बड़े-बड़े स्थान के आगे इसको अवैध ढंग से संचालित किया जाता है, लेकिन विगत दिनों जैसा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मुख्यालय के प्रभारी पार्किंग डॉ. संजीव सिन्हा को निर्देश दिया है उसे देखकर लगता है कि आने वाले दिनों में पार्किंग माफियाओं और अवैध तरीके से पार्किंग राज चलाने वालों पर नकेल कसी जा सकती है। उधर नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में कुछ अवैध पार्किंग स्थलों पर अधिकारी द्वारा कार्रवाई करेंगे। तो वहीं जनता की ओर से शिकायत मिलने पर भी उनका टारगेट किया जा सकता है। देखना होगा कि सिटी से लेकर नदियापार तक चलने वाली अवैध पार्किंगों पर नगर निगम की कारवाई कब तक होती है।




# भट्टा करोबारी के बेटे को मौत का इंजेक्शन देने वाला आरोपी वार्ड ब्वॉय गिरफ्तार, नंदग्राम पुलिस ने दबोचा

● योगेंद्र उर्फ गोलू की हत्या में था शामिल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ईंट भट्ठा व्यवसायी योगेंद्र शर्मा की अपहरण के बाद हत्या करने के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी ईश्वरपाल को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। ईश्वरपाल मेरठ के एक निजी हॉस्पिटल में वार्डबॉय है। इसी ने रुपयों के लालच में हत्यारोपियों को एनेस्थीसिया इन्जेक्शन उपलब्ध कराए थे। आरोपियों ने ये इन्जेक्शन लगाकर पहले योगेंद्र शर्मा को बेहोश किया, फिर मेरठ ले जाकर हत्या कर दी।

एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने बताया है कि थाना नंदग्राम के गांव सिकरोड निवासी देवेंद्र शर्मा भट्ठा व्यापारी हैं। उनका इकलौता बेटा योगेंद्र उर्फ गोलू उनके साथ कारोबार देखता था। उसने डीके ट्रेडर्स नाम से ऑफिस बनाया हुआ था। एक मई की शाम को वह ऑफिस बंद करके निकला लेकिन घर नहीं पहुंचा। इसके बाद योगेंद्र की लाश मेरठ के गांव सिवाया के पास एक खेत में दबी हुई मिली।

**इंजेक्शन देने के लिए थे हजारों रुपये :** पुलिस ने पूछताछ में ईश्वरपाल ने बताया, पूर्व में गिरफ्तार हुआ रोहित भी इसी हॉस्पिटल में काम करता था। कुछ दिनों पहले रोहित ने कहा कि मुझे बेहोश करने वाले इन्जेक्शन की जरूरत है। अगर तू मुझे लाकर देगा तो इसके बदले मैं अच्छे पैसे दूंगा। पैसों के लालच में मैंने एनेस्थीसिया इन्जेक्शन रोहित को दे दिए। जिसके बाद रोहित और अन्य लोगों ने इस इन्जेक्शन का गलत प्रयोग करके हत्या कर दी।

### अब तक चार आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

करंट क्राइम : पुलिस इस पूरे मामले में अब तक विकास, मनीष और रोहित की गिरफ्तारी कर चुकी है। तीनों ने 10 लाख रुपए फिरौती वसूलने के लिए अपहरण की बात कुबूली थी। पूछताछ में खुलासा हुआ कि किडनैपर्स ने योगेंद्र को बेहोश करने के लिए एनेस्थीसिया का इन्जेक्शन लगाया, लेकिन ओवरडोज की वजह से उसकी मौत हो गई। मेरठ के हॉस्पिटल में काम करता है। नंदग्राम थाना पुलिस ने रविवार को 26 वर्षीय ईश्वरपाल को गाजियाबाद में गुलधर मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। वो मेरठ में इंचौली थाना क्षेत्र के मेंथना गांव का रहने वाला है और रऊर हॉस्पिटल में बतौर वार्डबॉय काम करता है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार बन रही है घातक

## इंदिरापुरम इलाके में पलटी मिनी बस 15 लोग हुए घायल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार घातक बन रही है। आए दिन सड़क हादसों में लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे थे तो जान गंवाने वालों की संख्या में भी हर साल इजाफा हो रहा है। बीते लगभग चार माह के दौरान अलग-अलग सड़क हादसों में 18 से अधिक लोगों की मौत और 68 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। वहीं गंभीर रूप से घायल होने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। अधिकांश सड़क हादसों और टक्कर की वजह स्पीड और ओवरटेकिंग बताई जा रही है।

### सड़क पर डिवाइडर से टकराई मिनी बस 15 लोग घायल

मामला : 01



**करंट क्राइम :** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में मिनी बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस पर हुआ। मिनी बस में मौजूद 15 लोग इस हादसे में घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल गुरुग्राम से आ रहे थे और हापुड़ के पिलखुवा रिश्ता लेकर जा रहे थे। एडीसीपी यातायात वीरेंद्र कुमार ने बताया की एक मिनी बस जो की गुरुग्राम से हापुड़ जा रही थी। वह थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकरा के पलट गई। इस बस में 15 लोग सवार थे। घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती बस हादसे में जो घायल हुए हैं, उनको पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सभी लोग गुरुग्राम से हापुड़ के पिलखुवा रिश्ता लेकर जा रहे थे। हादसा किन कारणों से हुआ इसकी जानकारी, अभी नहीं हो पाई है।

### तीन दिन पूर्व हज यात्रियों की मिनी बस हुई थी दुघर्टनाग्रस्त

**करंट क्राइम :** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट से करीब तीन किलोमीटर पहले हज यात्रियों से भरी हुई मिनी बस रोड किनारे खड़े हुए ट्रक से टकरा गई। जिसमें 14 लोग घायल हो गए। मामले की सूचना मिलते ही 108 सेवा की तीन एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में बस चालक जाहिद, इदरीस, सबीना, अजीम, मेनुजिदीन को सीएचसी मोदीनगर में भर्ती कराया गया। साथ ही नहीना, सलीम, आरिफ, वारिस, तस्लीम, सलीम, अजीम व इस्तिकार को सीएससी डासना में भर्ती कराया गया। यह सभी यात्री ग्राम जीतपुर तहसील नगीना जनपद बिजनौर से दिल्ली एयरपोर्ट जा रहे थे। एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने बताया की रात 3.30 पर बस का एक्सीडेंट होने की सूचना प्राप्त हुई। तुरंत ही मौके पर 108 सेवा की तीन एंबुलेंस भेजी गईं। साथ ही सभी यात्रियों को नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मामला : 02



### हर चौथे दिन हो रहा है बड़ा हादसा

## मार्च में एक अर्टिगा कार और डंपर से हुआ था दर्दनाक हादसा, गई थी तीन लोगों की जान

मामला : 03

करंट क्राइम : दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर 31 मार्च को छात्रों से भरी एक अर्टिगा कार डंपर से टकरा गई थी। इस भीषण हादसे में अर्टिगा कार के ड्राइवर समेत दो बच्चों की मौत हो गई है। अर्टिगा कार में 11 छात्र सवार थे। और वे सभी अमरोहा से दिल्ली स्थित जामिया एक स्कूल में कक्षा छह का एंट्रेंस एग्जाम देने जा रहे थे। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। जिसमें देखा जा सकता था कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रोड किनारे खड़ा हुआ था। छात्रों से भारी अर्टिगा कार ने खड़े डंपर में पीछे से टक्कर मार दी। डंपर से टकराने के बाद बच्चों से भरी कार पास से जा रहे एक कैंटर से भी टकरा गई थी। टक्कर लगने के बाद अर्टिगा कार चालक अनस समेत दो छात्र उनेश और आजम की मौत हो गई थी।



"सड़क हादसों में कमी लाने के लिए लगातार चालान और सावधानी को लेकर जागरुकता फैलाई जा रही है। इसी के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर भी प्लानिंग की जा रही है।
**वीरेंद्र कुमार**, एडीसीपी यातायात

# भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच सीएम केजरीवाल ने दी धरने पर बैठने की चेतावनी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा मुख्याल्य की तरफ विरोध मार्च निकालने से पहले यहां आप मुख्यालय पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस उन्हें जहां तक जाने देगी वे जायेंगे और फिर आधे घंटे के लिए वहीं बैठ जाएंगे, और यदि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता तो यह भगवा पार्टी की हार होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आप को मिटाने का मन बना लिया है। उन्होंने 'ऑपरेशन झाड़ू' नाम का एक ऑपरेशन शुरू किया है। मुझे इसके बारे में कैसे पता चला? कई लोग प्रधानमंत्री से मिलते हैं और उनमें से कुछ हमें भी जानते हैं। उनसे मुलाकात के बाद उन्होंने हमें यह बताया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सबका यही कहना है कि प्रधानमंत्री ने आप के बारे में बात की और कहा कि ₹आप तेजी से उभर रही है और पूरे देश में लोग उसके काम की सराहना कर रहे हैं। आने वाले समय में राष्ट्रीय और राज्यों के स्तर पर आप भाजपा के लिए गंभीर चुनौती हो सकती है। इसलिए, भाजपा यह मानती है और कहती है कि इस पार्टी को तुरंत मिटा देना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि ऑपरेशन झाड़ू के तहत आप के वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार किया जाएगा और किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आप का बैंक खाता सीज किया जाएगा। ईडी ने अदालत में कहा है कि वह चुनाव के बाद आप का बैंक खाता सीज करेगा। वे आप का कार्यालय भी खाली करवा लेंगे। उन्होंने कहा, उन्हें लगता है कि वे आप को खत्म कर सकते हैं? आप 140 करोड़ लोगों के सपनों की पार्टी है। दिल्ली और पंजाब में गरीबों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है, जो मोदी नहीं दे पाये। इसलिए उन्होंने हमें मिटाने का फैसला कर लिया। हमने मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया और मोहल्ला क्लीनिक खोले, जो वे नहीं कर सके। हमने मुफ्त बिजली दी है। मैं प्रधानमंत्री को बताना चाहता हूं कि आप एक नेता को गिरफ्तार करेंगे, सौ और पैदा होंगे। आप एक केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे, हजार और केजरीवाल खड़े होंगे। वर्ष 2015 से ही उन्होंने हम पर कई आरोप लगाये हैं। अब शराब घोटाला आया है, लेकिन पैसा कहां है। उन्होंने झूठे मामले बनाकर हमें गिरफ्तार किया है। आप नेता ने कहा कि मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और संजय सिंह जेल में हैं। उनके पीए को भी जेल में डाल दिया गया। वे कह रहे हैं कि वे राघव चड्ढा को भी जेल में डाल देंगे, जो हाल ही में लंदन से लौटे हैं, आतिशी, कैलाश गहलोत और सौरभ भारद्वाज को भी। केजरीवाल ने कहा, मैं प्रधानमंत्री को बताना चाहता हूं कि हम एक साथ आ रहे हैं। हमें गिरफ्तार कीजिये। आप जहां तक हमें जाने देंगे हम जाएंगे, और हम वहीं बैठ जाएंगे। हम आधे घंटे इंतजार करेंगे, और यदि हमें गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो यह उनकी (भाजपा) की हार होगी। इस मौके पर आप नेता संजय सिंह और राघव चड्ढा, दिल्ली के मंत्री गोपाल राय और आतिशी तथा पार्टी विधायक और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो स्वतंत्र रूप से काम करेंगी जांच एजेंसियां : राशिद अल्वी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने आईएएनएस से खास बातचीत में मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो ईडी और सीबीआई स्वतंत्र रूप से काम करेगी। वो किसी पार्टी नेता, सरकार या व्यक्ति के दबाव में काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में बीजेपी की सरकार के दौरान ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है और विपक्ष के नेताओं के खिलाफ कारवाई हो रही है, हमारी सरकार बनने के बाद देश की सभी सर्वोच्च जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर सकेंगी। स्वाति मालीवाल मामले में राशिद अल्वी ने कहा कि यह मामला कोर्ट के अंदर है। दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज करा दी है। सीसीटीवी और वीडियो पब्लिक हो गई है। लोग देख रहे हैं। ऐसे में इन सबके मद्देनजर अदालत क्या फैसला करती है, इसका इंतजार करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी का मुद्दा समाज में नफरत फैलाने का है। इसके सिवा उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। अगर उन्होंने दस साल काम किया होता तो चुनाव के वक्त नफरत की जुबान नहीं बोलते। न देश की आर्थिक स्थिति ठीक है और न ही गरीबी-बेरोजगारी की बात करते हैं। ये सिर्फ और सिर्फ उद्योगपतियों की सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी कैबिनेट मीटिंग में अकेले सभी फैसले लेते हैं। वह वन मैन शो की तरह केवल और केवल खुद की उपस्थिति पर ज्यादा जोर देते हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की ओर से राहुल गांधी को पीएम मोदी से बड़ा हिंदू बताए जाने पर राशिद अल्वी ने कहा कि धर्म और आस्था हर किसी का निजी मामला है। राहुल गांधी भी हिंदू धर्म के बारे में ज्यादा अध्ययन करते हैं। ऐसे में उनको भी हिंदू धर्म के बारे में ज्यादा जानकारी है।

## न्यूज डायरी

### अजमेर के तारागढ़ दरगाह में खूनी संघर्ष, पुरानी रंजिश को लेकर आपस में भिड़े दो गुट



**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर के तारागढ़ स्थित मीरा साहब की दरगाह के खादिमों के दो गुट के आपस में भिड़ने की खबर सामने आई है। घटना शनिवार देर शाम की है, बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर तलवारों से हमला किया है। इस हमले में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। दरगाह थानाधिकारी नरेंद्र सिंह जाखड़ ने बताया कि तारागढ़ दरगाह में एक ही परिवार के दो गुट हैं। वर्तमान में हुए कमेटी चुनाव को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश थी, ठेके को लेकर भी विवाद है। शनिवार को दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए और तलवारों से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले में दोनों पक्षों के पांच-पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल लाया गया है। घायलों में किसी के सिर, गर्दन समेत अन्य जगहों पर चोटें आई है। पूरे मामले में पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में ले लिया है। हमला करने वाले लोग फरार बताए जा रहे हैं, फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### गांव भिक्कनपुर के पास एक व्यक्ति का शव मिला, पोस्टमार्टम को भेजा

मुरादनगर, करट क्राइम। नगर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर गांव भिक्कनपुर अंडरपास के निकट एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सिर में गंभीर चोट के निशान होने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है ,जबकि पुलिस इसे हादसा बता रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ईस्टर्न फेरिफेरल एक्सप्रेस- वे पर भिक्कनपुर यार्ड से आगे अंडरपास के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। इसलिए हत्या करने की बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। एसीपी नरेश कुमार का कहना है कि मृतक की शिनाख्त 45 वर्षीय रामबरन सिंह पुत्र रामहित निवासी गांव मकरहट थाना सहजनवा जिला गोरखपुर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आशंका जताई जा रही है कि किसी वाहन से वह एक्सप्रेस से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

### गृह क्लेश में महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव मिलक रावली निवासी एक महिला ने गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में महिला को गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया,जहां पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है। गांव मिलक रावली निवासी श्याम शर्मा अपनी पत्नी 34 वर्षीय मोनिका शर्मा के साथ रहते हैं। श्याम शर्मा की शादी मोनिका शर्मा से दस साल पहले हुई थी। बताया जा रहा है कि महिला मोनिका शर्मा का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि महिला अपने कमरे में चली गई। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकली तो परिजनों ने खिड़की से देखा वह बेसुध पड़ी हुई थी। इसके बाद पजिरनों ने दरवाजा तोड़कर महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर महिला को गाजियाबाद के गणेश अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल द्वारा भेजे गए मीमो के आधार पर पुलिस को इसकी सूचना मिली। पुलिस का कहना है कि महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। पंचनामा भरकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कार ने तीन साल की बच्ची को कुचला ,मौत

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में पाइपलाइन मार्ग पर गांव बहादरपुर के पास एक ईट भट्टे के पास सड़क किनारे खेल रही तीन साल की बच्ची को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। इस हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार को कब्जे में ले लिया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। पाइपलाइन मार्ग पर गांव बहादरपुर के पास एक ईट भट्टा है। ईट भट्टे पर कालीचरण मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते हैं। वह परिवार के साथ भट्टा परिसर में ही रहते हैं। उनकी तीन साल की पुत्री परी रविवार दोपहर बारह बजे के आसपास अन्य बच्चों के साथ ईट भट्टे के पास सड़क किनारे खेल रही थी। बताया जा रहा है कि इसी बीच लोनी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बच्ची को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची कई फीट उछलकर काफी दूर जा गिरी। टक्कर मारने के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंचे परिजन बच्ची को स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए,जहां पर उसको मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे के बाद बच्ची की मां का रो रोकर बुरा हाल है।

### मुर्गी फार्म से गंदगी , विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

मुरादनगर करंट क्राइम। नगर क्षेत्र के गांव खुर्मपुर स्थित मुर्गी फार्म से होने वाली गंदगी के विरोध में किसान लामबंद हो गए । किसानों ने रविवार को प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मुर्गी फार्म बंद नहीं किया गया तो तहसील पर प्रदर्शन किया जाएगा। गांव खुर्मपुर में मुर्गी फार्म स्थित है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुर्गी से निकलने वाली गंदगी को संचालक पास के खेतों में डाल दिया जाता है। जिस कारण खेती प्रभावित हो रही है। मुर्गी फार्म के कारण आसपास के खेतों में गंदगी फैली रहती है। गंदगी व दुर्गंध के कारण गांव के लोगों को वहां से निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा फार्म के आसपास बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते भी घूमते रहते हैं। कुत्तों के कारण हर समय हादसा होने का भय बना रहता है। रविवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। इस दौरान सुरेन्द्र,विजेन्द्र, निशा चौधरी,सुधा सिंह,अमित कुमार, नीरज कुमार,सुरेशपाल, सतपाल, आदि मौजूद रहे।

# अगर आप मजबूत प्रधानमंत्री चाहते हैं, तो कमल का बटन दबाएं : अमित शाह



**प्रयागराज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जो लोग देश में एक मजबूत प्रधानमंत्री चाहते हैं, उन्हें कमल का बटन दबाकर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करना चाहिए। प्रयागराज के सोरांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन के पास प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है। वे पांच साल में पांच प्रधानमंत्रियों के साथ प्रयोग करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ₹क्या आप ऐसे लोगों को वोट देंगे? सोनिया गांधी चाहती हैं कि उनका बेटा प्रधानमंत्री बने और लालू प्रसाद यादव चाहते हैं कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बने, यही उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य है। अमित शाह ने आगे कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया, तो वे एक बार फिर धारा 370 को बहाल करेंगे। तीन तलाक और सीएए को रद्द कर देंगे। गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा ने ही 70 साल तक राम मंदिर का निर्माण नहीं होने दिया और कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं। इन दलों के नेताओं ने राम मंदिर उद्घाटन के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। उन्होंने प्रयागराज में हो रहे विकास कार्यों की भी चर्चा की।

# 'इनके पास कोई मुद्दा नहीं, बिना मतलब की बात करते हैं', तेजस्वी यादव ने भाजपा पर साधा निशाना



**पटना।** लोकसभा चुनाव के रण में राजनीतिक बयानबाजियों का दौर जारी है। आए दिन पक्ष और विपक्ष के नेता एक-दूसरे पर हमलावर नजर आते हैं। रविवार को बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर निशाना साधा। पटना में जब पत्रकारों ने तेजस्वी यादव से पूछा कि सम्राट चौधरी का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा कार्यकताओं से मिलते हैं, लेकिन, तेजस्वी यादव और लालू यादव कभी अपने कार्यकताओं से नहीं मिलते। इस पर तेजस्वी ने कहा कि इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं है। इनकी बात का कोई मतलब नहीं है, काम के बारे में ये लोग कभी बात नहीं करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनसे पूछिए, आज तक जनता के लिए क्या-क्या किया है। उन्हें बोलिए कि वह अपनी एक भी उपलब्धि गिनाएं। इन लोगों ने (भाजपा) सिर्फ और सिर्फ मुझे, लालू यादव और हमारी पार्टी को गाली देने का काम किया है। इसके अलावा अगर कुछ भी किया है तो बता दें। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के उस बयान पर भी तेजस्वी ने प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीबीआई और ईडी को खत्म करने की जरूरत है। इसके जवाब में तेजस्वी ने बचाव करते हुए कहा कि ऐसी बात नहीं है। जो दुरुपयोग हो रहा है, उसे बंद करने की जरूरत है। तानाशाही बंद होनी चाहिए, जांच एजेंसियां काम करें, लेकिन, वह काम फेयर हो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के तीन लाख लोगों को नौकरी और पांच लाख लोगों को रोजगार देने वाले बयान पर तेजस्वी ने कहा कि यह हम ही लोग का किया हुआ है।

# जनता पूछ रही है, शराब घोटाला हुआ तो पैसा कहां है : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब से हम सत्ता में आए हैं, इन लोगों ने मुझ पर कई आरोप लगाए। इन्होंने कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचारी है, केजरीवाल ने बसों में घोटाला कर दिया, पानी में घोटाला कर दिया, बिजली में घोटाला कर दिया। न जाने कितने आरोप लगाए, लेकिन इनका एक भी आरोप हम पर चिपक नहीं रहा है। केजरीवाल ने कहा कि जनता बेवकूफ नहीं है, जनता बहुत समझदार है। अब ये कह रहे हैं कि कोई शराब घोटाला हो गया है। देश की जनता पूछ रही है कि शराब घोटाला हुआ है तो पैसा कहां है, वो पैसा कहां गया? ये खुद ही सुप्रीम कोर्ट में जाकर कहते हैं कि पैसे की कोई रिकवरी नहीं हुई। तो, क्या ये शराब घोटाला बस हवा में हो गया है। बाकी जगह जब ये रेड मारते हैं तो कहीं नोटों की गड्डियां मिलती है, गहने मिलते हैं। लेकिन, यहां एक चवन्नी नहीं मिली। कहते हैं कि 100 करोड़, 1,000 करोड़ का घोटाला हो गया, लेकिन, यहां तो 1,000 रुपए भी नहीं मिले। सारे पैसे कहां गए? इन्होंने बिल्कुल फर्जी केस बना-बनाकर हमारे लोगों को गिरफ्तार किया। केजरीवाल ने कहा कि अपनी चुनौती के मुताबिक वह रविवार दोपहर अपने सभी नेताओं के साथ गिरफ्तारी देने पहुंचे, लेकिन, सरकार ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया। आप मुख्यालय से पैदल मार्च करते हुए सीएम केजरीवाल भाजपा दफ्तर की ओर जा रहे थे, लेकिन, पुलिस ने सड़क को बंद कर सभी नेताओं को रोक लिया। इस पर सीएम केजरीवाल समेत सभी नेता सड़क पर धरना देने बैठ गए। करीब आधे घंटे तक इंतजार करते रहे, लेकिन, उनको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस नहीं भेजी गई। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस ऑपरेशन झाड़ू के तहत आम आदमी पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। आने वाले समय में आम आदमी पार्टी के बैंक अकाउंट्स को सीज किया जाएगा। ईडी के वकील पहले से ही कोर्ट में ये बयान दे चुके हैं कि चुनाव के तुरंत बाद आम आदमी पार्टी के बैंक अकाउंट सीज किए जाएंगे। यह मैं अपनी मर्जी से नहीं बोल रहा हूं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी कहती है कि अकाउंट तो अभी सीज करना था, लेकिन, अभी सीज करेंगे तो इन्हें जनता से सहानुभूति मिलेगी। इसलिए ये चुनाव बाद आम आदमी पार्टी के बैंक अकाउंट सीज करेंगे। आम आदमी पार्टी का दफ्तर खाली कराकर पार्टी को सड़क पर लाया जाएगा। बीजेपी ने ऑपरेशन झाड़ू के तहत ये तीन प्लान बनाए हैं। पहला, आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार करना। दूसरा, आम आदमी पार्टी के खाते सीज करना और तीसरा, आम आदमी पार्टी के दफ्तर को खाली कराना।

# पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने किया कांग्रेस का साथ देने का ऐलान



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और उनके समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन का एलान कर दिया है। रविवार को टोहाना में हुए कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन के दौरान पहले देवेंद्र सिंह बबली ने हाथ से कार्यकर्ताओं को इशारा करते हुए अपनी रणनीति समझाई। बबली ने कहा कि वह एक पार्टी के विधायक हैं इसलिए स्पष्ट तौर पर नहीं कह सकते। रायशुमारी के दौरान कार्यकताओं ने आगामी फैसला लेने का मुझे अधिकार दिया था। लेकिन मैंने प्रमुख साथियों की कमेटी को यह फैसला लेने का अधिकार दिया है। इसके बाद कमेटी के सदस्य और देवेंद्र बबली के खासमखास मोंटू अरोड़ा ने ऐलान किया कि हम सभी हाथ के साथ है। इसी के साथ कार्यकर्ताओं ने खड़े होकर जबरदस्त नारेबाजी करते हुए हाथ के साथ को अपना समर्थन दे दिया। इससे पहले बबली ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बड़ी दुविधा में था, मेरे पास बार-बार कार्यकर्ता साथियों के फोन आ रहे थे। वह चाह रहे थे कि राजनीतिक फैसला जल्द लिया जाए। कार्यकर्ता साथियों ने फैसला लेने का अधिकार मुझे दिया इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

# भाजपा जितनी मजबूत होगी, सनातन धर्म उतना मजबूत होगा : अन्नामलाई



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 सालों में किए गए विकास कामों की एक लंबी सूची है। उन्होंने न सिर्फ भारत की दिशा बदली, बल्कि विश्व में भारत को सम्मानजनक स्थान दिलाने का काम किया है। भाजपा जितनी मजबूत होगी, सनातन धर्म उतना मजबूत एवं प्रखर होगा। वह रविवार को दिल्ली में तमिल प्रवासियों व एक अन्य जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में 11 करोड़ टॉयलेट भारत में बनाए गए हैं। कांग्रेस की सरकार में इंदिरा आवास योजना थी, पर घर किसे मिलता था, पता नहीं चलता था, लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम आवास योजना निकाली तो इसके तहत हमने 4 करोड़ गरीबों को घर पाते देखा है। तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष एवं सोशल मीडिया के सुपर आइकॉन के. अन्नामलाई ने कहा कि आज कांग्रेस का इंडी गठबंधन फंडामेंटल राइट्स की बात करता है। लेकिन यही कांग्रेस है, जिसने 1975 में फंडामेंटल राइट्स की, लोकतंत्र की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि खेद है कि कल तक दिल्ली में कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर बोलने वाले केजरीवाल अब अपना भ्रष्टाचार छुपाने के लिए कांग्रेस की शरण में हैं। यह कोई इंडी गठबंधन नहीं, भ्रष्टाचार के दानव का बंधन है। इस बार दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा की विजय सुनिश्चित करनी है और फिर अगले साल 2025 में हम सभी दिल्ली से भ्रष्टाचारी केजरीवाल को उखाड़कर कमल का फूल खिलाएंगे।

# जबलपुर के गंजीपुरा में कई दुकानें जलकर राख



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर के सबसे व्यस्त इलाके गंजीपुरा स्थित बाजार की एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। इस आग ने ऊपरी मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया।

इस अग्निकांड में तीन दुकानें जलकर खाक हो गई हैं। गंजीपुरा शहर का सबसे व्यस्त बाजार है, जहां स्थित एक तीन मंजिला इमारत की सबसे नीचे वाली मंजिल में स्थित कपड़े और बैग की दुकान में अचानक आग लग गई। इस आग की लपटों ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया और उसने ऊपरी मंजिल पर स्थित होजरी की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के मुताबिक लार्डगंज थाना क्षेत्र में स्थित इस बाजार की दुकान में लगी आग से आसपास की दुकान तक फैलने की आशंका थी, मगर फायर ब्रिगेड की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया। बाजार की सड़क संकरी होने पर फायर ब्रिगेड को अंदर तक पहुंचने में काफी मशक्कत करना पड़ी। इस अग्निकांड में तीन दुकानें पूरी तरह जल गई हैं और उनके आसपास के मकानों को भी इस अग्नि कांड ने प्रभावित किया है।

# तुष्टिकरण की राजनीति के लिए रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम, इस्कॉन को धमकी दे रहीं बंगाल की सीएम : पीएम मोदी



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर राजनीतिक तुष्टिकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम संघ और इस्कॉन जैसे संस्थानों का अपमान करने का आरोप लगाया। पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ज्योतिर्मय सिंह महतो के समर्थन में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री ने कहा, विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन के साथ भारत सेवाश्रम संघ और इस्कॉन जैसे संस्थानों की उनके सामाजिक कार्यों तथा मानवीय विकास कार्यों की वजह से दुनिया भर में तारीफ होती है। उनका एकमात्र उद्देश्य मानव मात्र की सेवा है। लेकिन अब मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से इन महान संस्थानों के संन्यासियों को चेतावनी दे रही हैं। वह अपने समर्पित वोट बैंक को खुश करने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए ऐसा कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सत्तारूढ़ पार्टी अपने समर्पित वोट बैंक को खुश करने के लिए कितनी उतावली हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे महान संस्थानों का अपमान करने वाली पार्टी पश्चिम बंगाल में एक भी वोट पाने की हकदार नहीं है। मुख्यमंत्री को इन संस्थानों से जुड़े लाखों लोगों की भावनाओं का कोई ख्याल नहीं है। पीएम ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस संदेशखाली के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को बचाने के लिए वहां की महिलाओं की स्मिता के साथ समझौता कर रही है।

उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस शाहजहां को बचाने के लिए संदेशखाली की महिलाओं पर आरोप लगा रही है और उनकी छवि खराब कर रही है। सत्तारूढ़ दल संदेशखाली की महिलाओं के चरित्रहनन पर उतर आई है। मुझे यकीन है कि बंगाल की महिलाएं इसका जवाब अपने वोट से देंगी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग का आरक्षण कम कर अपने वोट बैंक को देने के लिए कांग्रेस के साथ साठगांठ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आप कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के वोट बैंक नहीं हैं और इसलिए वे आपके बारे में नहीं सोचते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई तेज की जाएगी। उन्होंने कहा, मैं आपसे वादा करता हूं कि इन भ्रष्टाचारों के मास्टरमाइंड अपनी पूरी जिंदसी सलाखों के पीछे बिताएंगे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# शानदार जीत की हैट्रिक के साथ लोहा मंडी के आयरनमैन बने अतुल जैन

## ऐसी रही है पोजिशन कि चुनाव के लिए कोई सामने नहीं आया अपोजिशन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षाविद् और प्रमुख समाजसेवी अतुल जैन एक सफल लोहा कारोबारी भी हैं। अपने कारोबार में उन्होंने प्रतिष्ठा हासिल की है और उनका जलवा ये है कि लोहा करोबार के सबसे सशक्त संगठन गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के वो लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने हैं। उनकी सफलता का ये आलम रहा है कि अतुल जैन के नाम के आगे कोई नाम चुनाव लड़ने के लिए आया ही नहीं। उनकी पोजिशन ये रही है कि कोई अपोजिशन में नहीं था और उनका पैनल निर्विरोध चुनाव जीता। लगातार तीसरी बार लोहा मंडी के आयरनमैन के रूप में अतुल जैन आये हैं। अतुल जैन को बधाई और शुभाकामनाएं देने वालों का लगातार सिलसिला चल रहा है। एक बड़ी कामयाबी उन्होंने अपनी जीत की हैट्रिक लगाकर हासिल की है।

### पहली बार 2016 में अध्यक्ष बने थे आयरनमैन-अतुल जैन

करंट क्राइम। वर्ष 2016 में अध्यक्षता की जिम्मेदारी अतुल कुमार जैन को दी गई थी इस तरह वर्ष 2016 में अतुल कुमार जैन अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए थे। वर्ष 2020 में 27 नवंबर को डिप्टी रजिस्ट्रार की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव में अतुल कुमार जैन ने अपने प्रतिद्वंद्वी के ऊपर भारी बहुमत से जीत हासिल करके अध्यक्ष पद प्राप्त किया था और संपूर्ण टीम ने भी भारी बहुमत से जीत हासिल की थी। इस वर्ष 2024 में भी डॉ.अतुल कुमार जैन एक बार फिर तीसरी बार संस्था के अध्यक्ष निर्विरोध घोषित किए गए हैं।

**वर्ष 2020 में 27 नवंबर को अतुल जैन ने भारी बहुमत से जीत हासिल करके अध्यक्ष पद प्राप्त किया था**

### लोहा विक्रेता मंडल के संस्थापक अध्यक्ष रहे हैं दिवंगत मेयर डीसी गर्ग

करंट क्राइम। गाजियाबाद जनपद के समस्त लोहा व्यापारियों का एक सशक्त संगठन गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल 41 वर्ष पुराना एक प्रमुख व्यापारिक संगठन है और इसकी स्थापना सन 1983 में की गई थी इसके संस्थापक अध्यक्ष पूर्व महापौर डीसी गर्ग रहे उसके बाद जेडी जैन, बृजनंदन गुप्ता, आनंद प्रकाश ,बृजमोहन सिंघल, और शिव शंकर राठी अध्यक्ष रह चुके हैं।

### इस तरह से बनी अतुल जैन और उनकी टीम के निर्विरोध निर्वाचित होने की भूमिका

करंट क्राइम। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के संविधान के अनुसार इस वर्ष मार्च माह में चुनाव कराने की घोषणा की गई थी और आम सभा द्वारा चुनाव समिति का गठन किया गया था जिसमें जयकुमार गुप्ता मुख्य चुनाव अधिकारी अविनाश चंद्र चुनाव अधिकारी और महेश गुप्ता को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था जिनके ऊपर संविधान के अनुसार लोकतांत्रिक तरीके से पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए गुप्त मतदान द्वारा गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर चुनाव संपन्न करने का दायित्व था। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के सदस्यों को एक सर्कुलर द्वारा नामांकन पत्र जमा करने के लिए सूचित किया गया। अंतिम तिथि 18 मई 2024 रखी गई। अंतिम तिथि और अंतिम समय से पूर्व चुनाव कार्यालय में जमा कराए गए थे। सभी प्रत्याशियों ने ढोल नगाड़ों के साथ बड़े ही जोश में धूमधाम से अपने सभी समर्थक व्यापारियों के साथ संस्था के कार्यालय 108 लोहा मंडी से एक जुलूस के रूप में प्रारंभ करके चुनाव कार्यालय पर जाकर एक साथ नामांकन पत्र दाखिल किए थे। कल 18 मई 2024 के शाम के 4:00 तक का अंतिम समय था नामांकन पत्र भरने का परंतु किसी भी अन्य सदस्य ने किसी भी पद के लिए कोई भी नामांकन पत्र नहीं भरा इस तरह से चुनाव अधिकारियों को कोई अन्य नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। चुनाव समिति के सभी चुनाव अधिकारियों ने डॉ.अतुल कुमार जैन पैनल के प्राप्त सभी नामांकन पत्रों की विधिवत जांच करके सभी को वैध पाया, और किसी अन्य नामांकन पत्र प्राप्त ना होने की दशा में डॉ.अतुल कुमार जैन के नेतृत्व वाली टीम को विजयी घोषित कर दिया है।

### अमरीश जैन बंटू को फिर मिली संगठन में महामंत्री की जिम्मेदारी

करंट क्राइम। अमरीश जैन बंटू लोहा विक्रेता मंडल के पदाधिकारी रहे हैं। हमेशा से वो संगठन में एक्टिव और सहयोगी भूमिका में रहते हैं। निर्विरोध पैनल में अमरीश जैन बंटू को महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा सुबोध गुप्ता उपाध्यक्ष, सतीश बंसल कोषाध्यक्ष, मोहन लाल अग्रवाल मंत्री पद के लिए और राजीव मंगल तथा अनुराग अग्रवाल को सदस्य पद के लिए निर्विरोध चुना गया है। यह पूरी टीम डॉ अतुल जैन के नेतृत्व में निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुई है।



### आयरन मैन अतुल जैन ने सभी को दी बधाई और किया आभार व्यक्त

करंट क्राइम। लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन ने तीनों चुनाव अधिकारियों को नियमानुसार पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा चुनाव कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया और सहयोग और समर्थन के लिए गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के सभी सदस्यों को और व्यापारियों को भी हार्दिक बधाई और धन्यवाद दिया। अपनी समस्त टीम को बधाई और हमेशा सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉक्टर अतुल कुमार जैन ने एकजुट होकर संगठित तरीके से क्षेत्र और व्यापारियों की सेवा में उन्हें सभी का आवाहन करते हुए आश्वस्त किया है कि नई कार्यकारिणी नए जोश के साथ और बेहतर सेवा के कार्यों में संलग्न रहते हुए जो भी विकास के कार्य बचे हुए हैं उनमें तेजी लाकर के और अच्छे-अच्छे कार्य करके गाजियाबाद के लोहा व्यापार को एक और गरिमामयी स्थान प्राप्त कराने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे और गाजियाबाद की लोहा मंडी को एक आदर्श लोहा मंडी के रूप में विकसित कराने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने पूर्व के कार्यकालों के दौरान समस्त प्रशासनिक अधिकारियों का जनप्रतिनिधियों का और विभिन्न विभागों के अधिकारियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है और आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी तालमेल मिलाते हुए राजस्व बढ़ाने में सामंजस्यके साथ व्यापारियों के हित की रक्षा करते हुए व्यापारियों की, प्रदेश और देश की सेवा में संलग्न रहेंगे। डॉ.अतुल कुमार जैन और उनकी समस्त टीम की निर्विरोध हुई विजय पर विभिन्न औद्योगिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने भी टेलीफोन करके अध्यक्ष के माध्यम से सभी को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# पंकज शर्मा ने भाजपा ज्वाइन करते ही कर दिया ऐलान

## अतुल गर्ग जीतेंगे गाजियाबाद सीट पर चार लाख से अधिक वोटों से चुनाव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी प्रबुद्ध पंकज शर्मा अब शुद्ध रूप से भाजपाई हो गये हैं। उन्होंने रायबरेली में अमित शाह वाले मंच पर उन्हीं के कर कमलों से भगवा पटका पहन कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पंकज शर्मा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और अपने प्रिय डॉयलाग बाकी सब ठीक है के साथ वो कई सटीक बातों को सोशल मीडिया पर कहते हैं। क्रान्तिकारी पंकज शर्मा अब भाजपाई हो गये हैं तो उनकी एक पोस्ट संशय पैदा कर रही थी। करंट क्राइम के चिंटू जी कॉलम में इस पोस्ट का जिक्र भी हुआ था। पंकज शर्मा ने 28 अप्रैल की इस पोस्ट में लिखा था कि गाजियाबाद सदर विधानसभा का उपचुनाव होना तय है या नहीं। ये तब की बात है जब पंकज शर्मा भाजपाई नहीं हुए थे और वो अपनी पोस्ट से क्या कहना चाह रहे थे, ये बात करंट क्राइम ने पंकज शर्मा से ही जाननी चाही। जब पंकज शर्मा भाजपाई हो गये तो करंट क्राइम ने उन्हें पोस्ट का याद दिलाया। चिंटू जी के जरिए ये सवाल उठाया और पंकज शर्मा से ही जब बात की तो यहां पंकज शर्मा ने एक सधे हुए नेता की




तरह अपने शब्दों से अपने ही लिखे शब्दों को साधा। उन्होंने कहा कि दरअसल यह कोई राजनीतिक पोस्ट नहीं थी। यह सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर सामाजिक लोगों से ही पूछा गया एक सवाल था।

एक जिज्ञासा थी और यह मेरी राय नहीं थी बल्कि मैं इस सवाल के जरिए जनता की राय जानना चाहता था। करंट क्राइम ने कहा कि अब आप विधिवत भाजपाई हो गये हो तो अब आपकी शहर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर क्या राय है तो यहां पंकज शर्मा ने कहा कि शहर विधायक तथा भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग चार लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। पंकज शर्मा ने भाजपाई होते ही जीत का ऐलान किया है।

# हीट वेव के चलते 20 से 25 मई तक बंद रहेंगे आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों गाजियाबाद में भीषण गर्मी और लू चल रही है। दिन निकलते ही तापमान आग बरसाने लगता है और गर्मी का आलम यह है कि देर रात तक भी मौसम में बदलाव नहीं हो रहा है। बीते दो दिनों से गर्मी इस तरीके से बढ़ रही है कि सड़कों पर सन्नाटा छा जा रहा है। लू और तेज धूप ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। ऐसे में स्कूल आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी ना हो हीट वेव उनको परेशान ना करें और उनकी सेहत पर दुष्प्रभाव ना पड़े। इसको ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने जनपद के सभी आठवीं कक्षा तक के स्कूलों को 20 मई से लेकर 25 मई तक बंद करने का आदेश दिया है। यह आदेश कक्षा प्री-प्राइमरी से लेकर 8वीं तक के सभी विद्यालय में लागू होगा। साथ ही इसका पालन न करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई भी की जाएगी। रविवार को भी मौसम बेहद गर्म था। अधिकतम तापमान लगभग 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए आने वाले 5 दिनों के लिए सभी आठवीं तक के विद्यालयों की छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। बता दें की मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में हीट वेव की स्थिति में और इजाफा होगा और अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। ऐसे में गर्मी और लू से बचाव के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।



**जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जारी किया आदेश**

# अगर शहर विधानसभा सीट पर होता है उपचुनाव, क्या रहेगा जाट फैक्टर का काम

## बृजपाल तेवतिया से लेकर अशु वर्मा सहित कई चेहरों के आते हैं नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सियासत में चुनाव लड़ना हर सियासी चेहरे की तमन्ना होती है। उसकी हसरत होती है कि पार्टी एक बार उसे आदेश करे और वो चुनाव लड़कर जनता का सेवक बने। इस हसरत को पूरा करने के लिए सियासत वाले सारी कसरत करते हैं। हालांकि अभी 4 जून की तारीख बाकी है और चुनाव का नतीजा आना बाकी है लेकिन भाजपा वाले लोकसभा सीट पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं और वो ये मानकर चल रहे हैं कि शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। उपचुनाव की तैयारी भाजपा में पूरी चल रही है और दावेदारों ने अपने अपने हिसाब से अपनी दावेदारी करनी शुरू कर दी है।

पार्टी के जानकारों का कहना है कि अब फूल वाली पार्टी में रूल को लेकर बहुत ज्यादा रूल नहीं है। वो उदाहरण देते हुए बताते हैं कि मेयर सीट ओबीसी पुरूष होने के बाद सामान्य महिला हुई और फिर ये माना जा रहा था कि अब सीट सामान्य पुरूष होगी लेकिन मेयर सीट फिर से सामान्य महिला रिपीट हो गई। इसी तरह कई वार्ड ऐसे हैं जहां सीट सामान्य महिला के लिए आरक्षित थी और वहां ओबीसी महिला को टिकट मिला। सीट सामान्य पुरूष वर्ग के लिए आरक्षित थी और वहां ओबीसी पुरूष को टिकट मिला। लिहाजा ऐसे में शहर सीट पर अगर उपचुनाव हुआ तो यहां ओबीसी से लेकर दलित फैक्टर पर भी चर्चा चल रही है। ओबीसी फैक्टर में करंट क्राइम ने गुर्जर चेहरों को लेकर बात की थी और अब बात ओबीसी फैक्टर में जाट समीकरण की। गाजियाबाद के वो भाजपाई जाट चेहरे जो लंबे समय से भाजपा की राजनीति कर रहे हैं और अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपनी चुनावी पारी का इंतजार कर रहे हैं। अगर भाजपा अपने इन जाट चेहरों को आगे लाती है तो इनमें से कौन सा चेहरा अपनी कौन सी खूबियों के साथ शहर विधानसभा सीट में टिकट का हकदार बनेगा। अगर जाट फैक्टर पर काम होता है तो भाजपा के कौन से जाट चेहरे यहां प्रमुखता से अपनी दावेदारी बनायेंगे।

### बृजपाल तेवतिया को कब देगी पार्टी चुनाव वाला मौका



करंट क्राइम। बृजपाल तेवतिया भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। निगम पार्षद से अपनी सियासी पारी की शुरूआत की थी। विधानसभा चुनाव लड़ने का अनुभव है और कहा जाता है कि मुरादनगर सीट पर अगर वोट विभाजित नहीं होते तो बृजपाल तेवतिया विधायक होते। उनकी दावेदारी भी प्रबल थी लेकिन उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद से उनकी दावेदारी भी रूकी और फिर ये चेहरा अपनी बारी का ही इंतजार करता रहा। जाट समाज के प्रमुख और प्रभावशाली चेहरों में गिनती होती है। जब किसानों का एक धरना था तो जनरल वीके सिंह ने उन पर विश्वास जताया था और बृजपाल तेवतिया ने धरने पर पहुंचकर 15 मिनट के भीतर किसानों से बात कर ये धरना समाप्त करा दिया था। जाट समाज के अलावा अन्य समाज पर भी अपनी पकड़ रखते हैं और उपचुनाव होता है तो जाट फैक्टर में ये चेहरा अपनी मजबूत दावेदारी रखता है।

### क्या पूर्व मेयर अशु वर्मा की विधायक दावेदारी पर होगी केयर



करंट क्राइम। अशु वर्मा पुराने भाजपाई हैं। युवा मोर्चा से शुरूआत की थी और आज वरिष्ठ भाजपाईयों में गिनती है। मेयर तेलूराम काम्बोज के निधन के बाद उनके बचे हुए कार्यकाल को उन्होंने मेयर उपचुनाव जीतकर पूरा किया। लगातार एक्टिव रहते हैं। बीते दिनों उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद को एक्टिव हिंदुत्व का चेहरा भी बनाया है। अपनी पोस्ट के जरिए उन्होंने संदेश दिया है। जाट समाज के नेता हैं और उससे बड़ी बात ये है कि भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं। उपचुनाव वाली चर्चा में ये भी चर्चा है कि पूर्व मेयर अशु वर्मा विधानसभा उपचुनाव वाला पर्चा भरेंगे। क्या पार्टी पूर्व मेयर अशु वर्मा के नाम पर कोई केयर करेगी।

### किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके राजा वर्मा का नाम होगा कंसीडर



करंट क्राइम। राजा वर्मा जाट समाज के प्रमुख भाजपाई चेहरे हैं। वो भाजपा किसान मोर्चा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष रहे है। कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य रहे हैं। भाजपा के सभी कार्यक्रमों में लगातार एक्टिव रहते हैं। जब किसान आंदोलन हुआ था तो गांवों में किसानों को समझाने के लिए भाजपा ने राजा वर्मा जैसे चेहरों को भेजा था। विधानसभा में उनकी दावेदारी बनती है और जाट समाज के इस लीडर का नाम क्या शहर विधानसभा के उपचुनाव में कंसीडर होगा।

### अगर जाट को मिलेगा मौका तो क्या आयेगा प्रवीण चौधरी का भी नाम



करंट क्राइम। प्रवीण चौधरी राजनगर क्षेत्र से भाजपा के पार्षद हैं। वो भाजपा के निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष यानी डिप्टी मेयर भी रहे हैं। पेशे से अधिवक्ता हैं और सक्रिय राजनीति करते हैं। विधानसभा वाली दावेदारी में जाट चेहरों में ये चेहरा भी अपना एक दम रखता है। निगम के सदन में मुद्दों को प्रमुखता से रखते हैं। जन राजनीति में अपने व्यवहार से वो अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। शहर की विधानसभा वाली रेस में ये फेस भी जाट समाज से अपना अलग मुकाम रखता है। अगर जाट चेहरे को मौका मिला तो क्या यहां प्रवीण चौधरी का भी नाम आयेगा।

### क्या पार्षद से विधायक बनने की डगर पर आयेंगे पार्षद सचिन डागर



करंट क्राइम। सचिन डागर पार्षद हैं और जीत का लगातार रिकार्ड बनाया है। अपने क्षेत्र के लोकप्रिय पार्षदों में गिनती होती है। विधानसभा की दावेदारी का ये चेहरा है और ये पहले भी बागपत विधानसभा से दावेदारी कर चुके हैं। वहां खेल प्रतियोगिता भी करायी थी लेकिन टिकट वाली रेस में ये फेस नहीं आया था। जाट समाज के साथ साथ सचिन डागर सभी वर्गों में अपनी पकड़ रखते हैं। वो अपने व्यवहार से और सियासी अंदाज से वार्ड में लोगों की पहली पसंद हैं। कहा तो ये जाता है कि वो केवल एक वार्ड नहीं बल्कि आस पास के तीन से चार वार्डों में अपनी टीआरपी लिए हुए हैं। अगर राजनीति में प्रमोशन कोई चीज है तो फिर सचिन डागर का इलैक्शन भी पार्षद से विधायक बनने की डगर पर आ सकता है।

### पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही के नाम पर भी होगी कोर में चर्चा



करंट क्राइम। अगर जाट फैक्टर पर काम होता है और यहां पार्टी संगठन किसी जाट चेहरे को टिकट देता है तो वरिष्ठता के क्रम में क्या पार्टी पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही के नाम पर चर्चा करेगी। क्या पार्टी उन्हें विधानसभा उपचुनाव लड़ने का मौका देगी। कृष्णवीर सिरोही विधानसभा सदस्य रह चुके हैं और उन्हें सदन से लेकर सड़क तक सियासत का अनुभव है। वो भाजपा की विचारधारा और संगठन से बेहतर ट्यूनिंग बनाकर चलते हैं।

### पुराने भाजपाई रमेश चौधरी के नाम पर भी हो सकता है विचार



करंट क्राइम। नए दौर की नई राजनीति में भाजपा नए प्रयोग कर रही है। यहां अगर जाट चेहरे की बात करें और नए प्रयोग की बात करें तो यहां रमेश चौधरी के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। रमेश चौधरी के नाम के साथ वरिष्ठता और समर्पण आता है। वो भाजपा के पुराने कार्यकर्ता है। वरिष्ठ भाजपाई हैं और पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं, पार्टी के प्रति समर्पित माने जाते हैं। ये चेहरा संघ से भी जुड़ा है और वरिष्ठ चेहरों में आता है। अगर वरिष्ठता और समर्पण भी पैमाना है तो रमेश चौधरी के नाम पर भी विचार हो सकता है।

### क्या कृषक समाज के कृष्णवीर चौधरी को पार्टी दे सकती है आवाज




करंट क्राइम। जाट चेहरों की बात करें और भाजपा के जाट चेहरों की बात करें तो कृषक समाज के कृष्णवीर चौधरी की भी शहर सीट से दावेदारी बनती है। वो लगातार एक्टिव रहते हैं और वरिष्ठ चेहरे हैं। कृषक समाज के कृष्णवीर चौधरी को क्या भाजपा टिकट वितरण में स्थान दे सकती है। क्या पार्टी इस चेहरे को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार के रूप में आवाज दे सकती है।

### क्या सुधन रावत को मिलेगा फिर एक चुनाव लड़ने का मौका



करंट क्राइम। सुधन रावत अब भाजपा में हैं और वो गाजियाबाद के चुनावी चेहरे हैं। वो लोकसभा से लेकर मेयर और विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। वो सपा और बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं और अब वो भाजपा में हैं। अगर कांग्रेस डॉली शर्मा को तीन चुनाव लड़ने का मौका दे सकती है तो क्या इस बार भी शहर सीट पर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा जाट वाले फैम में कंसीडर करते हुए सुधन रावत को फिर से एक चुनाव लड़ने का मौका देगी।

### क्या सतेन्द्र चौधरी का नाम आयेगा विधानसभा उम्मीदवारी की लिस्ट में



करंट क्राइम। सतेन्द्र चौधरी पुराने भाजपाई हैं और वो पार्टी के प्रति समर्पित और निष्ठावान माने जाते हैं। उन्हें शहर विधायक अतुल गर्ग का करीबी भी माना जाता है। उनकी चुनावी ड्यूटी पार्टी संगठन ने बागपत में लगायी थी लेकिन जैसे ही अतुल गर्ग को पार्टी ने गाजियाबाद से लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया तो सतेन्द्र चौधरी बागपत से अपनी ड्यूटी कटवाकर गाजियाबाद में आये। यहां उन्होंने चुनाव का काम संभाला और उन्होंने चुनाव का सहसंयोजक भी बनाया गया। सतेन्द्र चौधरी शहर सीट से विधानसभा वाली दावेदारी में आते हैं और देखना यही है कि क्या पार्टी उनके नाम की उम्मीद पर अपनी उम्मीदवारी की मुहर लगाती है।

## संपादकीय

# अजूबा अंकगणित

यूं तो राजनीति में छल, कपट और फरेब की सहज उपस्थिति सदा स्वीकार्य है, फिर भी पार्टियां एक दूसरे के आखेट में दोषारोपण करती हैं। पहली बार हिमाचल की परिस्थिति में असली छलिया को लेकर बहस और विवाद है। यह भी अजूबा अंकगणित है क्योंकि कल के अपने, आज दूसरे के आगोश में हैं। बहुमत के बावजूद और कुल 43 विधायकों के आत्मबल के मैदान पर कांग्रेस से राज्यसभा सीट छीन कर भाजपा छलिया बनी या सत्ता का गुरूर छलनी हो गया। यहां बहस के अनेक बिंदु हर्ष महाजन को छलिया मानते हैं, क्योंकि वह पाला बदलकर भाजपा के चाणक्य बन जाते हैं। छलिया घोषित होने में एक सहजता है, जबकि सरगना साबित करके कांग्रेस अपने पूर्व विधायकों की खिचड़ी में फरेब के बाल चुन रही है। वर्तमान चुनाव की बैसाखियां ही छल से भरी हैं। गगरेट से चैतन्य अगर भाजपा के उम्मीदवार हो गए, तो राकेश कालिया कांग्रेस की नाव पर सवार हो गए। सुजानपुर में भाजपा का छल या कांग्रेस में कैप्टन रणजीत सिंह का कल किस तरह अपनी व्याख्या कर रहा है, यह देखा जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि छह उपचुनावों और तीन निर्दलीयों के इस्तीफों पर लोकतंत्र का शीर्षासन यह समझ ही नहीं पा रहा कि उसको छलने वाले हैं कौन। लाहुल-स्पीति में कांग्रेस से छिटक कर भाजपा के घोंसले में आए रवि ठाकुर के सामने भले ही अनुराधा राणा हैं, लेकिन डॉ. रामलाल मार्कंडेय इस चुनाव के वास्तविक छलिया बने हुए हैं। धर्मशाला में भाजपा के सुधीर शर्मा के सामने मुख्यमंत्री के खास देवेंद्र जग्गी हैं, लेकिन पाला बदलते-बदलते निर्दलीय हो गए राकेश चौधरी चुनाव को छलने का माध्यम बने हुए हैं। इसीलिए दोनों ही प्रमुख पार्टियां अपने-अपने वजूद को बचाने के लिए निर्दलीयों को समझा रही हैं। रामलाल मार्कंडेय और राकेश चौधरी की हैसियत चुनावों ने छलिया बना दी है और ये दोनों किसी का भी आसन खिसका सकते हैं। वैसे तमाम लोकसभा उपचुनावों की सीटों पर सारे निर्दलीय उम्मीदवार छलिया बने हुए हैं। निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि हिमाचल की राजनीति को अब विनेबिलिटी के नाम पर चंद छलिया चाहिएं। ऐसे में कहीं कोई छलिया परिवारवाद से पैदा होगा और कहीं कोई सरकार से पैदा होगा। कोई जातीय आधार पर अपनी ही जाति को ढांपेगा, कोई वर्ग के आधार पर तो कोई आरक्षण के चमत्कार से योद्धा बन जाएगा। जिस प्रदेश में जनता विभ्रम में हो तथा सोशल मीडिया पर भविष्य की चौघराहट हो, वहां नागरिक भी छद्म भूमिका में छल ही तो कर रहे हैं। ताज्जुब नहीं कि आज का मतदाता भी छलिया है और प्रदेश का कर्मचारी वर्ग भी यही तो कर रहा है। ये एनपीएस और ओपीएस के बीच आर्थिक हकीकत का छल ही तो है जो सारे चुनाव के महासागर को जीत की गागर में भर लेता है। घाटे की बिजली व्यवस्था में डेढ़ सौ यूनिट मुफ्त की बिजली अगर छल नहीं, तो फिर ऐसी कसौटी पर हम आत्मनिर्भर होंगे कैसे। हम बतौर नागरिक खुद को छल रहे हैं। वर्षों से यह उम्मीद कर रहे हैं कि सरकारी नौकरी से चूल्हा जलेगा, लेकिन रोजगार के चूल्हे से बाहरी प्रदेशों के लोग छल कर रहे या इस यती तक पहुंचाने के लिए हमारा राजनीतिक छल अब अविश्वसनीय औजार हो गया। जो भी हो हिमाचल का सारा ढांचा और व्यवस्था के मानक अब केवल चुनाव की परिपाटी में जीत के छल को आसरा देते हैं। न सरकारें वाई एस परमार या शांता कुमार की तरह कडक और न ही सत्ता और विपक्ष की जिम्मेदारी में कोई फर्क। अगर चुनाव के प्रचार को गौर से सुनेंगे, तो स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे चारों ओर छल की चारदीवारी खड़ी हो रही है। हम जिसे चुन भी लेंगे या जो चुना जाएगा, वह आंख का धोखा और लोकतंत्र का छलिया ही तो होगा।

## देश के 49 शहरों में आज बैंकों में रहेगा अवकाश

**नई दिल्ली।** देश के 49 शहरों में आज बैंक बंद रहने वाले हैं। ऐसे में अगर आपका बैंक से संबंधित कोई काम है तो आप बिना जानकारी के न जाएं। आपको वापस लौटना पड़ सकता है। दरअसल कल यानी 20 मई को देश के कई राज्यों में लोकसभा चुनाव 2024 के 5वें चरण के मतदान होने जा रहे हैं। इसके चलते इन शहरों में बैंक बंद रहने वाले हैं। आरबीआई ने इस बारे में पहले ही नोटिफिकेशन जारी किया था कि लोकसभा चुनाव के चरणों के दौरान जिन शहरों में वोटिंग होगी वहां बैंक बंद रहेंगे। पांचवें चरण में 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों के लिए वोटिंग की जाएगी।




## क्या रडार पर आए थ्री-स्टार जाएंगे बाहर



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में 4 जून के बाद कई थ्री-स्टार कमिश्नरेट सिस्टम से बाहर जाने के प्रयास में जुट गए हैं, ऐसा सूत्र बता रहे हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि वह थ्री-स्टार जो चुनाव से पूर्व और चुनाव के दौरान रडार पर आए हैं। वह यहां से बाहर जाने का प्लान बना चुके हैं। वही सुनने में यह भी आ रहा है कि कमिश्नरेट से चुनावी दौर में बाहर जाने वाले कई थ्री-स्टार पुन: एंट्री के लिए जुट गए हैं और अपनी गणित बैठाने में लग गए हैं। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत जो थ्री-स्टार हैं, उसमें से कुछ चुनाव के बाद दूसरे मोड में आ सकते हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कुछ थ्री-स्टार लखनऊ से बैकअप लेने में जुटे हुए हैं। इन सबके बीच कमिश्नरेट वाले बता रहे हैं कि कुछ थ्री-स्टार ऐसे हैं जो रडार पर आएंगे और थाने से उनको लाइन और साइड लाइन किया जा सकता है। इसके साथ ही ट्रांस हिंडन जोन को लेकर भी पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में दो थ्री-स्टारों को लेकर सूचना मिल सकती है। बताया जा रहा है कि एक की वर्किंग तो एक की सेटिंग खराब चल रही है। वैसे इलाके वाले साहब किसी को टारगेट पर लेने की मूड में नहीं हैं, लेकिन कहा जा रहा है कि लाइन वाले ऑफिस से जो आदेश आएगा उसका पालन तो करना ही पड़ेगा। बताया जा रहा है इसी के साथ ट्रांस हिंडन में दो ऐसे थाने हैं जहां के टू-स्टार हैं। उसमें भी कुछ गड़बड़ी का मामला सुनाई दे रहा है। हालांकि यह किस स्तर पर और क्या है इसको लेकर अभी गोपनीयता बनी हुई है। वही लाइन के सूत्र बता रहे हैं कि एक थ्री-स्टार को जिस तरीके से बेड एंट्री वाला करंट दिया गया था, उन पर फिर कुछ सख्ती की जा सकती है। कुल मिलाकर चार जून के बाद का कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में क्या माहौल होगा और कौन रडार पर आने वाला बाहर जाएगा, यह देखना अभी शेष है। वहीं किसको पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में दोबारा से एंट्री मिलेगी और कौन वेटिंग में कर दिया जाएगा, इस पर भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों और थाना प्रभारियों की नजर बनी रहेगी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के खाकी महक में 4 जून का बेसब्री से वेट हो रहा है। इसके बाद तय होगा कौन आउट और कौन इन किया जाता है।

**प्रिय पाठकों,**
**आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।**

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# अब अमूल दूध पिएगा अमेरिका कंपनी ने बनाया ये बड़ा प्लान



**अमूल की टैगलाइन 'अमूल दूध पीता है इंडिया' काफी मशहूर है। अब नया स्लोगन 'अमूल दूध पीता है अमेरिका' आने वाला है।**

**नई दिल्ली।** अमूल के मिल्क प्रोडक्ट्स अब अमेरिका में भी मिलेंगे। कंपनी ने अमेरिका में कारोबार करने की पूरी तैयारी कर ली है। अमूल भारत में एक पॉपुलर ब्रांड है। अमूल की टैगलाइन 'अमूल दूध पीता है इंडिया' काफी मशहूर है। अब नया स्लोगन 'अमूल दूध पीता है अमेरिका' आने वाला है। कंपनी अब अमेरिका में रहने वाले भारतीय और एशियाई लोगों पर फोकस करेगी। अमेरिका में इन लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। इससे कंपनी के कारोबार को सहारा मिलेगा। देश की अमूल ब्रांड की मालिक गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (ऋछटटऋ) ने बीते दिनों अमेरिका में अमूल ब्रांड का दूध बेचने के लिए अमेरिकी डेयरी ह्यमिशिगन मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशनह्व के साथ डील की थी। अमेरिका की 108 साल पुरानी कंपनी के साथ डील के बाद ऋछटटऋपहली कंपनी बन गई है जो कि अमेरिका के डेयरी क्षेत्र में काम करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पैकेजिंग का बात करें तो अमूल अमेरिका में एक गैलन यानी कि 3.8 लीटरऔर आधा गैलन यानी कि 1.9 लीटर की पैकेजिंग में दूध बेचेगा।

### मिलेगा फ्रेश दूध

कंपनी का उद्देश्य भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों तक अपना फ्रेश दूध पहंचाना है। कंपनी का मुख्य टार्गेट न्यूयार्क, न्यू जर्सी, शिकागो, वाशिंगटन, डलास और टैक्सास जैसे बड़े शहर हैं। इन शहरों को चुनने के पीछे सबसे बड़ा कारण वहां मौजूद भारतीय मूल के लोगों की बड़ी आबादी है। बता दें कि ये कंपनी अंबानी, टाटा और अडानी जैसी बड़ी कंपनियों से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमूल में 15 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है। प्रोडक्शन, प्लांट वर्कर, ट्रांसपोर्ट, मार्केटिंग, डिस्ट्रीब्यूशन और सेल्स में अमूल बड़े स्तर पर रोजगार क्रिएट कर रहा है। अमूल से 35 लाख से अधिक किसान जुड़े हैं। कंपनी के पास 87 प्लांट हैं, जो डेयरी प्रोडक्ट, मिठाई आदि तैयार करती है।

### गांव से शुरू हुआ था कारोबार

गुजरात के एक गांव से शुरू हुए इस कारोबार में किसानों, चरवाहों, पशुपालनों, महिलाओं को जोड़ा गया। अमूल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे रहा है। अमूल रोजाना ग्रामीण अर्थव्यवस्था में करीब 30 फीसदी का योगदान करता है।

अमूल का दावा है कि वो ऐसी सहकारी समिति है जो अपनी कमाई का 80 फीसदी हिस्सा किसानों को देती है। अमूल ने लगातार आर्थिक ग्रोथ बनाए रखा। आनंद मिल्क यूनियन लिमिटेड (अटवछ) एक डेयरी सहकारी संस्था है। यह गुजरात के आणंद में स्थित है। अमूल ब्रॉन्ड गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (ऋछटटऋ) के अधीन है। आज देशभर में अमूल की 144,500 डेयरी सहकारी समितियों में 15 मिलियन से ज्यादा दूग्ध उत्पादक अपना मिल्क पहुंचाते हैं।

# चांदी लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड ऊंचाई पर, सोना 150 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड बढ़त के साथ स्थानीय बाजार में 89,000 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। हालांकि विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप सोने की कीमत 150 रुपये गिरकर 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 300 रुपये उछलकर 89,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। पिछले सत्र में यह 88,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

इस बीच सोने की कीमतें 150 रुपये गिरकर 73,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। पिछले सत्र में यह 74,050 रुपये पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा,



शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई क्योंकि अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल कई सप्ताह के निचले स्तर से उबर गये। अमेरिकी डॉलर सूचकांक वर्तमान में पिछले बंद के मुकाबले 0.22 प्रतिशत अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बाजार, कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोना हाजिर 2,380 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद से छह डॉलर नीचे है।

## नेचुरल आइसक्रीम के फाउंडर रघुनंदन श्रीनिवास कामथ का 70 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली:** देश में आइस्क्रीम मैन के नाम से मशहूर और नेचुरल आइसक्रीम के फाउंडर रघुनंदन श्रीनिवास कामथ का निधन हो गया है। उन्होंने मुंबई के एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 70 वर्ष के थे। रघुनंदन कामथ के निधन की जानकारी कंपनी के सोशल मीडिया हैंडल से दी गई है। कंपनी की ओर से किए गए पोस्ट में कहा गया है कि नेचुरल आइसक्रीम के फाउंडर, रघुनंदन कामथ का निधन हो गया है। वास्तव में यह हमारे लिए बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण दिन है। बता दें कि शुरूआती जिंदगी में कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद कामथ ने हार नहीं मानी थी। उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए भरपूर प्रयास किए थे। रघुनंदन श्रीनिवास कामथ के पिता कर्नाटक में एक छोटे से फल विक्रेता थे। वह नियमित रूप से मैंगलोर के एक छोटे से गांव में फल बेचने में अपने पिता की मदद करते थे। स्कूल में फेल होने के कारण उन्हें आखिरकार अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। रघुनंदन श्रीनिवास कामथ को भारत का आइसक्रीम मैन भी कहा जाता है।

## राशिफल

**मेष:** आज आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी आपकी हर बात को समझने की कोशिश करेंगे।

**वृष:** रोजमर्रा के कार्यों से आपको फायदा होगा। आज आप कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोचेंगे। आज आपको कई नए काम करने के मौके मिलेंगे।

**मिथुन:** आपको कुछ नए मौके मिलने की संभावना बन रही है। सबके साथ मिल कर किये गए कामों से आपको सफलता मिलेगी ।

**कर्क:** आप कोई नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं, लेकिन सीनियर्स मी मदद से कार्यों को आसानी से पूरा भी कर लेंगे।

**सिंह:** छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**कन्या:** नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**तुला:** आज आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे होंगे, लेकिन जरूरत से ओवरकॉन्फिडेंस करने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक:** आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। आपके परिवार में सुख-सौभाग्य बना रहेगा ।

**धनु:** दोस्तों के साथ दोस्ती और मजबूत होगी। कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा। आज आपको ऑफिस में अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा।

**मकर:** कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। आज आपको किसी भी मामले को बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए।

**कुंभ:** आपकी कई योजनाएं समय से पूरी होंगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन:** फिलॉसफी के स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको अपने कार्यों को पूरा करने में पुरानी कंपनी का अनुभव आपको काम आएगा।

## चुटकुले

पत्नी- क्या तुम मुझसे प्यार करते हो...?
पति- हां...!
पत्नी- लेकिन तुम्हें तो मेरी कोई परवाह ही नहीं है...!
पति- प्यार करने वाले किसी की परवाह नहीं करते...!

---

संता और बंता बात करते हुए
संता- यार कल रात घर देर से पहुंचा, बेल बजाई पर बीवी ने दरवाजा खोला ही नही!
पूरी रात सड़क पर गुजारी
बंता- फिर सुबह बीवी की खबर ली कि नहीं?
संता....नही यार, सबेरे दारू उतरी तो याद आया,
अभी तो मेरी शादी ही नही हुई है,
और चाबी तो जेब मे थी!

---

संता- भीगा सा लगता है आलम मुझे,
भीगी सी लगती है सुबह मुझे,
भीगा लग रहा है सारा जहां मुझे!!
बंता- उठ साले, बिस्तर पर सु-सु कर दिया है तूने।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का 70% उपयोग किए जाने वाले मसाले भारत में ही तैयार होते हैं।
- एक गधा रेत के दलदल में डूब सकता है परंतु एक खच्चर नहीं रुक सकता है।
- इंसानो की तरह तोते भी मोटापे की बीमारी का शिकार होते हैं।
- जब बच्चा पैदा होता है तो उस समय माँ को होने वाला दर्द एक साथ
- हड्डियां टूटने के बराबर होता है।
- कोई भी व्यक्ति अपनी सांस रोककर अपने आप को नहीं मार सकता।
- आपने प्लास्टिक सर्जरी सुनी होगी जी, हां इसका भी अविष्कार भारत में ही किया गया था।
- सन 1839 में दुनिया की पहली सेल्फी ली गई थी।
- दुनिया का सबसे ज्यादा हथियार खरीदने वालों देशों में भारत प्रथम स्थान पर हैं।
- सबसे बड़ा हिमपात खंड बर्फ गिरते समय बर्फ का टुकड़ा 15 इंच चौड़ा और 8 इंच मोटा हो सकता है।
- विश्व के सिर्फ 11 प्रतिशत लोग ही बाएं हाथ का इस्तेमाल करते है।

## करंट क्राइम परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

**20 05 2024**

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



प्रिया
अभिनेत्री



आरवी, शिवांश निगम बंकू, राखी त्यागी, गौरव चौपड़ा, भव्य अग्रवाल, पंचम चौधरी, अखिलेश उपाध्याय

रवि अग्रवाल, धर्मेन्द्र चौधरी, दिनेश सैनी, मेहराम चंदेला, मोहित कुमार, प्रमोद गुप्ता, राहुल सौलंकी

राजकुमार सिंह, रवि वर्मा, विशेष त्यागी, एड. गौरव शर्मा, विश्वदीप त्यागी, अनुज कुमार गर्ग, प्रवेश गुप्ता, रिजवान खान

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

# इंदिरापुरम में सार्वजनिक स्थानों पर जीडीए ने प्याऊ तो लगा दीं पर वहां पानी नहीं मिलता




किशोर ठाकुर
हेमंत वाजपेई

**साहिबाबाद ,करंट क्राइम।** इस समय चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल हो रहे हैं मगर इंदिरापुरम की सड़कों पर अभी तक जीडीए की ओर से जिन जिन स्थानों पर पीने के पानी की प्याऊ लगाई गई हैं उनमें पानी ही नहीं है। इंदिरापुरम के न्याय खंड, नीति खंड, वैभवखंड, शक्तिखंड, काला पत्थर रोड पर कहीं पर प्याऊ होते हुए भी पानी की व्यवस्था नहीं मिली। इंदिरापुरम के **व्यापारी किशोर ठाकुर** ने बताया कि जीडीए के द्वारा प्याऊ की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन उनमें अभी तक पानी की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई। इस चिलचिलाती गर्मी में जहां लोगों को परेशानी होती है, वहीं प्याऊ पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इंदिरापुरम भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा के **पदाधिकारी हेमंत वाजपेई** ने बताया कि इंदिरापुरम में उनकी संस्था द्वारा 25 स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि हर प्याऊ पर दो-दो मटके रखे गए हैं, जिनमें 50 - 50 लीटर पानी आता है। संस्था की ओर से इंदिरापुरम के हर एक खंड व सेक्टर में पानी की व्यवस्था की गई है। हमारी संस्था इसी तरह के सामाजिक काम में लगी हुई है।

# मनोकामना अपार्टमेंट में आरडब्ल्यूए ने चलाया सफाई अभियान





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर 4ए स्थित मनोकामना अपार्टमेंट में रविवार को आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने मिलकर सोसायटी के पार्क व गलियों में सफाई अभियान चलाया।

सोसायटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बृजपाल सिंह ने बताया रविवार को सोसायटी के पार्कों में आरडब्ल्यूए के सभी पदाधिकारियों ने सफाई अभियान चलाया। यह अभियान हर हफ्ते चलेगा जिसे सोसायटी को स्वच्छ रख सकें। पार्क में लगे पेड़ों की देख- रेख के लिए पानी भी दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष बृजपाल सिंह, उपाध्यक्ष भारत डोबी, सहदेव बहादुर, संयुक्त सचिव संजय डोभाल, सुभाष शुक्ला, अनिल सिंह, सुरेंद्र चौहान मौजूद रहे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा रेड फेस मेन अपने प्रिय गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर से कितना करते है प्यार ? इस बात का तब पता चला, जब आपने करंट क्राइम में विधानसभा उपचुनाव की संभावना को लेकर गुर्जर चेहरों की आप दावेदारी लाए बाहर ? आपने अपनी खबर में मिस्टर नागर की दावेदारी का नहीं किया ज़िक्र ? जिस पर हो गई लालिमा से चेहरे वाले यादव जी को फि क्र ? सुना है उन्होंने कहीं पर नागर जी की अनदेखी को लेकर चिंता की प्रकट ? कहा इस नाम को इग्नोर करने से हुआ है मुझको बहुत ज्यादा कष्ट ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप शहर सीट से बार बार ओबीसी चेहरों की दावेदारी का लगातार दे रहे हो पैगाम ? भले ही आप यहाँ से ओबीसी चेहरों में जाट और गुर्जर चेहरों का ज़िक्र करो ? मगर आपको ओबीसी फैक्टर में रखना चाहिए पूर्व महानगर अध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी का भी ध्यान ? कहने वाले ने कहा, ये भगवा चेहरा है कर्मठता की मिसाल ? पार्टी के लिए ये चेहरा करता है दिन रात काम? हम तो आप से बस ये ही कहना चाहते है कि जब आप दावेदारी में कर रहे हो इतने सारे नामों ज़िक्र ? तो फिर आपको इतने महत्वपूर्ण चेहरे का भी रखना चाहिए ध्यान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आप से कहना चाहता हूँ अपने मन की बात? हम अभी भी अपनी आस्था रखते है जनरली साहब के साथ ? उनके सांसद वाले व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़कर हमे होता था हमेशा अच्छा फील ? मगर चुनाव के बाद क्यों हो गया उनका ग्रुप बंद, इस बात पर हूँ है बहुत ज्यादा हैरान ? कम से कम रिजल्ट आने के बाद ही ग्रुप बंद करने वाली कार्यवाही को ग्रुप के एडमिन दे देते अंजाम ? अभी तो है वो सांसद गाज़ियाबाद ? कम से कम ग्रुप में तो जोड़े रखते वो हमको अपने साथ ? हम जुड़े रहते उनके साथ ग्रुप में ? समय समय पर अपनी भावनाएँ हम पहुँचाते तो रहते उनके पास ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के गोयल साहब को एडवांस में अपने दिल को देनी होगी तसल्ली ? दावेदारी से पहले ही उनके अरमान हो गये है छल्ली ? वो कितने ही संभावित उप चुनाव की दावेदारी को लेकर करे प्रयास ? वो कुछ भी कर ले, गर्ग साहब नहीं बनने देंगे उनकी बात ? कहने वाले ने कहा, एक कागज के टुकड़े पर मोहर नहीं लगने पर भले ही गदर वाले तारा जी पहुँच गये हो पाकिस्तान? मगर गाज़ियाबाद में एक कागज के टुकड़े ने गदर मचा दिया था श्रीमान? समझने वाले समझदार है ? जो ना समझे हम उसका आखिर क्या कर सकते यार है ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान ने फिर से अपनी जिगरी से कराना शुरू कर दिया है दूरियों का एहसास ? वो इतने दिन लखनऊ में रहे ? वो जाना चाहते तो जा सकते थे एक दिन के लिए है अपने कमांडर दोस्त के चुनाव प्रचार वाले क्षेत्र में उनके पास ? मगर लखनऊ का प्रचार खत्म होते ही पकड़ लिया उन्होंने गाज़ियाबाद का रास्ता ? दूरियों के संदेश वो लगातार दे रहे ? कहना तो वो काफी कुछ चाहते है ? मगर सोच समझकर वो फि लहाल कुछ भी नहीं कह रहे है ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूँ इंदिरा जी वाले इलाके की बात ? यहाँ शाम होते ही टल्ली हो जाते है सरकारी सिस्टम वाले इंजीनियरिंग साहब ? सेट होते ही नहीं उठाते है ये किसी का फोन? सुना है कुछ दिन पहले बड़े वाले इंजीनियर साहब के यहाँ थी दावत ? जिसमें लगा दिया इन्होंने टॉप गियर ? सुना है फिर चार लोगों ने इनको सम्भाला? कहने वाले ने कहा जनता परेशान है ? इनकी लाइफ हो रही है झींगालाला?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपके सवाल के मध्यम से शहर की दो वैश्य हस्तियों का खीचना चाहता हूँ ध्यान ? अगर ये दोनों चेहरे मेरी सलाह मानें तो राजनीति में हमेशा सुर्खियों में रहेगा इनका नाम ? अगर मिस्टर जायसवाल हटा ले चीफ वार्डन से अपना ध्यान ? लोहे वाले जैन साहब भी, लोहे की राजनीति को दे दें अगर थोड़ा विराम ? दोनों मिलकर फुल्लफ्लैश करने लगे भाजपा की राजनीति ? सच बता रहा हूँ, एक साल की राजनीति करने में ही मिल जाएगा दोनों को बड़ा मुकाम ? आखिर इन दोनों का व्यवहार ही तो है इनके बड़ी पहचान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि वीरू के खास को था कुछ जय को लेकर डाउट ? वो तो कन्फर्म थे ताकतवर लेडी से वीरू की दूरी को लेकर ? मगर जय को लेकर थी उनके मन में शंकाएँ तमाम ? मगर जब हुआ उन्हें इस बात का अहसास कि जय तो रोड शो से लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस तक करा रहे है दूरियों का एहसास ? तब उन्होंने किसी खास से कहा? जय और वीरू की दोस्ती बहुत पक्की है ? चाहे कोई उन्हें दे कितनी ही पॉवर ? मगर दोनों नहीं छोड़ सकते एक दूसरे का साथ ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाल ही में भगवा हुए पंकज शर्मा जी का मामला राजनीति में नहीं वीक है ? भगवा गढ़ में भी उनका व्यवहार सभी से नजदीक है ? पास है संभावित शहर सीट का उप चुनाव ? जॉइनिंग के बाद गाज़ियाबाद में उनका शक्ति प्रदर्शन इस बात की तस्दीक है ? पांडेय जी के एचएम से रिश्ते इस वक़्त है बहुत ही खास? अगर लगा दी उन्होंने पंकज भैया की सिफारिश तो बाकी दावेदारों का खेल हो सकता है खल्लास ? कहने वाले ने कहा, सच बताऊँ भगवा होते ही ये फेस दावेदारी के नजदीक है ? वैसे तो आप जानते ही हो बाकी सब ठीक है ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि वैशाली वाली कौशिक दीदी का लगता है अब भर गया है राजनीति से मन ? हम देख रहे है वो रोजाना सोशल मीडिया पर अकार बना रही तरह तरह के पकवान ? खुद को उन्होंने मास्टर शेफ की तरह प्रमोट करना शुरू कर दिया है ? सुना है काफी भा रहा उनको ये काम ? अब उनको बेटर लग रहे है मटर और बटर? यही वजह कि गिरा दिया है कौशिक दीदी ने दूसरी कौशिक दीदी की तरह अपनी राजनीति का शटर ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**




## गाजियाबाद के निगम का विकास और नोएडा से हो रहा निकास

हुकूमत में बहुत कुछ बदल रहा है और बदलते निजाम में बदले भी लिये जा रहे हैं और बदले में बहुत कुछ दिया भी जा रहा है। मौहल्ला प्रधानों ने ढाई से डायरेक्ट पांच और अब वो पांच का डबल दस चाहते हैं। जिनके ईमान के ढोल बज रहे थे उनके बोल भी अब शांत हैं। निजाम बदलता है तो पहला असर ठेकेदारी पर पड़ता है। एक दौर था जब भाजपा का अध्यक्ष बनने के लिये एफिडेविट इस बात का मांगा गया था कि मैं ठेकेदार नही हूं। मानसिंह बता देगें कि उन्हे बताना पड़ा था कि वो इंजीनियर हैं ठेकेदार नही है। एक दौर था जब भगवा पांडे जी निगम की ईमारत पोत रहे थे और मित्तल जी अस्पताल से लेकर डूडा तक विकास देख रहे थे। अब फिर बदलाव हुया है और सुना है कि निगम के विकास का निकास नोएडा से हो रहा है। विधायक जी के लोग तो जेनरेटर तक ही अटके रहे और नोएडा वाले कांट्रेक्टर ले के आ गये हैं। इलेक्ट्रिकल के बड़े ठेके नोएडा वालों के पास बताये जा रहे हैं और सुना है निर्माण में भी नोएडा दस्तक देने वाला हैं। निगम विकास का नोएडा कनेक्शन क्या है ये बेहतर फूल वाले विकास पुरूष बता सकते हैं। अभी इतना ही कहा कि जिसने चलती में ना चलाई वो भला काहे का भाजपाई।

## जब उसने दिखाया नखरा तो उन्होने खोल लिया दफ्तर ही वखरा

रिवर पार के उस मडंल का ये किस्सा मीटिंग के लिये दफ्तर खुलवाने से जुड़ा है। सुना है कि मडंल प्रधान को जब उन्होने नखरा दिखाया तो उन्होने मीटिंग के लिये अपना वखरा यानि अलग ही दफ्तर खोल लिया। मडंल के फूल वाले बता रहे है कि शर्मा जी बुद्विजीवी हैं और मडंल लेवल की कोई जिम्मेदारी भी उनके पास है। अब एक अडडा था तो उसी में फूल वाले सगंठन बैठक वाली महफिल जमा लेते थे। मडंल प्रधान ने भी बैठक वहीं कर ली और तब कर ली जब शर्मा जी नही थे। आजकल हर चीज सीसीटीवी से कनेक्ट हैं और मोबाईल पर लाईव लोकेशन का होना भी सब्जेक्ट हैं। खैर शर्मा जी के बेटे ने मोबाईल पर पापा के दफ्तर में होती मीटिंग देखी तो जूम कर के देख लिया, घूम कर के देख लिया मगर पापा नही दिखे। शर्मा बेटे ने पापा शर्मा को फोन लगाया और पूछा कि आप कहां हों। पापा ने बेटे को लोकेशन बताई और अपने दफ्तर में हो रही मीटिंग से अनभिज्ञता जताई। बेटे ने आब्जेक्ट किया जब आप आफिस में नही हों तो किस बात की बैठक और आपकी परमीशन तो छोड़ो आपके पास तो इनफारमेशन तक नही है। बताते हैं कि इसके बाद शर्मा जी ने आफिस को लेकर नखरे दिखाये और मडंल प्रधान जी ने नखरे उठाने के बजाय अपना दफ्तर ही खोल लिया।

## सुनो अलाने जी भाईसाहब हम देना नही चाहते आपको जवाब

फूल वालों का कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम आने वाले समय का सियासी कोहराम हैं और कई नेताओं की टेंशन भी है। जब संख्या एक बल होती है तो फिर यहां तो बड़ी संख्या में दूसरे दलों से नेता पोर्ट हो गये हैं। आने वाले सीन का मुलाहिजा भी फूल वालों के नेता जी के यहां हो गया। ध्वज प्रणाम वाले अलाने जी आये तो उनके चरणों की धूल कई फूल वालों ने ली। लेकिन वरिष्ठ नवभाजपाई ने इस ट्रेंड को अनफ्रेंड सा किया और इस बात को अलाने जी ने ताड़ भी लिया। उन्होने कुछ कहा और वरिष्ठ नवभाजपाई ने जवाब से लाजवाब कर दिया। उन्होने कहा कि सुनो अलाने जी भाईसाहब हम आपको जवाब नही देना चाहते। ना हमें आप भाजपा में लेकर आये और ना आप हमें कुछ दिलवाने की ताकत रखते हो। ना हमें आपकी शरण में रहना और ना आपके चरण में।

# श्याम पार्क मेन में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** श्याम पार्क मेन स्थित आर्यन एकेडमी जूनियर हाईस्कूल व रामकली-प्यारेलाल जनसेवा पीठ ने शैक्षिक सत्र 2023-24 के दौरान बोर्ड परीक्षा 10वीं और 12वीं कक्षा में 80% या अधिक नंबर प्राप्त करते हुए विशेष प्रतिभावान छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया। उपरोक्त दोनों संस्थान यह सम्मान समारोह प्रत्येक वर्ष अप्रैल-मई माह में आर्यन एकेडमी जूनियर हाईस्कूल में आयोजित करते हैं। एकेडमी गाजियाबाद और आसपास के ऐसे संभ्रांत सक्रिय लोगों को निरंतर सम्मानित करती रहती है जो शिक्षा, सांस्कृतिक,सामाजिक और खेल में विशेष प्रतिभा दिखाते रहे हैं और उपलब्धियां हासिल करते रहे हैं।

रविवार को कार्यक्रम में 10 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में विशेष प्रतिभाशाली छात्रों में श्याम पार्क मेन निवासी अनुष्का शर्मा, शुभ चौधरी, मनस्वी चड्ढा, वंशिका को एक प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र, 1100/- रुपये नगद तथा उत्तर-प्रदेश शासन के वाल्मीकि पुरस्कार से सम्मानित लेखक व शिक्षाविद पूर्व प्राचार्य डॉ. विशनलाल गौड़ रचित काव्य पुस्तक कोणार्करथी सुभाष भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा 10 वीं कक्षा के ही दो विद्यार्थी कु. नैना झा और कार्तिक सोनी को भी सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक पुस्तक, प्रमाण पत्र और 500/- रुपये नकद देकर सम्मानित किया। 12 वीं कक्षा के लिए दिव्यांका शर्मा को विशेष प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया।

कुलदीप शर्मा को उच्च शिक्षा में योगदान के लिए और चेतन शिशौदिया को सेकेंडरी शिक्षा में विशेष योगदान के लिए प्रतीक चिन्ह, प्रमाण-पत्र और डॉ. शिव चरण कौशिक की पुस्तक सनातन राष्ट्रनायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम शीर्षक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिल्ली नगर निगम की पूर्व प्रधानाचार्या डॉ. गीता भाटिया, आरडब्ल्यूए श्याम पार्क मेन कॉलोनी के अध्यक्ष सत्यपाल सिंह चौहान रहे जिन्होंने उक्त प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आरडब्ल्यूए के महासचिव संजीव गौड़ ने किया। इस मौके पर आर्यन स्कूल के उपनिदेशक ईशान गौड़, लालचंद शर्मा, डॉ. हरी शंकर गौड़, राजेश सिंह, विनीत शर्मा, डॉ. राजेश तोमर, नीलम कौशिक, गीता रस्तोगी, एडवोकेट दीपक सिंह, एडवोकेट अजीत शर्मा, ज्ञान चंद शर्मा, स. जगतार सिंह भट्टी, विनायक, संदीप गौड़, अनिल अग्रवाल, अरविन्द गोयल, सुनील रस्तोगी, पत्रकार एसपी चौहान, मंगल सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर पलटी टूरिस्ट बस, 15 लोग हुए घायल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर शनिवार दोपहर एक टूरिस्ट बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना के समय बस में 15 लोग सवार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बस से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक टूरिस्ट बस दिल्ली से मेरठ की तरफ जा रही थी। इस बीच गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। घटना में समय बस में सवार 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को नोएडा के एसजेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा हे। क्षतिग्रस्त बस को एक्सप्रेसवे से हटा दिया गया। घटना के दौरान कुछ समय के लिए जाम लग गया था। जिसे तत्समय सुचारू करा दिया गया था।

**गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक**

# 4 साल की बच्ची को काट-काटकर मार डाला, शव देखकर लोगों की रूह कांपी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक जारी है। इस बार कुत्तों के एक झुंड ने मुरादनगर थाना क्षेत्र में एक 4 साल की बच्ची को काट-काटकर मार डाला। बच्ची की मौत परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बच्ची के चिल्लाने पर पहुंची मां

मुरादनगर के भीकनपुर में भट्ठे पर काम करने वाला जरीफ अपनी पत्नी रुखसाना और दो बच्चों के साथ रहता है। शनिवार को जरीफ की चार वर्षीय बेटी फरहीन भट्ठे के पास खेल रही थी। इसी दौरान कुछ कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। इसी दौरान वहां मौजूद करीब 10 कुत्तों ने उसे दोबारा काटना शुरू कर दिया। इससे वह खून से लथपथ होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगी। फरहीन के रोने की आवाज सुनकर उसकी मां रुखसाना वहां पहुंची और कुत्तों को भगाकर बच्ची को उठाया। महिला की चीख-पुकार सुनकर लड़की के पिता और कई अन्य लोग भी वहां पहुंच गये।

### हालत बिगड़ने पर भेजा जीटीबी

इसके बाद मां रुखसाना और पिता जोरिफ खून से लथपथ फरहीन को लेकर संजय नगर स्थित संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे। वहां मौजूद डॉ. रणजीत सिंह ने बच्ची को इमरजेंसी में भर्ती कर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई। बाद में बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### शरीर पर थे गहरे घाव

घायल बच्ची को लेकर जीटीबी पहुंचे एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने बताया कि जब उसे जीटीबी में भर्ती कराया गया तो डॉक्टरों ने तुरंत उसे ऑक्सीजन दी। उसके शरीर पर गंभीर घाव थे। वहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। शनिवार रात करीब 9 बजे उसकी मौत हो गई। एसीपी नरेश कुमार ने बच्ची की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि देर शाम बच्ची की इलाज के दौरान जीटीबी में मौत हो गई।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर चलती कार बनी आग का गोला



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह नोएडा के छिजारसी के सामने एक चलती कार में आग लग गई। कार चालक ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इसके बाद कार से आग की तेज लपटें निकलने लगी। सूचना पर नोएडा से पहुंची फायर की एक गाड़ी ने करीब 30 मिनट में आग पर काबू पाया। पुलिस जांच में पता चला है कि कार मारुति की अर्टिगा थी। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर UP80FF7531 था। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल पाया है। लेकिन आग इतनी भीषण थी की आग की लपटें दूर तक दिखाई दे रही थी। साथ ही जबरदस्त धुएं का गुब्बार था।

### कार चालक की बची जान

फायर डिपार्टमेंट को सूचना मिली कि छिजारसी कट के पास एक कार में आग लग गई है। इस बीच चालक ने कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस बीच गाजियाबद के वैशाली स्टेशन से दमकल की यूनिट दो फायर टेंडर समेत मौके पर रवाना हुई। फायर कर्मी जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि नोएडा सेक्टर 58 के फायर स्टेशन से आई गाड़ी ने कार की आग को बुझा दिया है। इस दौरान आधे घंटे तक ट्रैफिक रूक-रूक कर चलता है। जिससे जाम की स्थिति बनी रही।

**ग्रेटर नोएडा में 1600 परिवार पानी के लिए तरसे**

# टैंकर से चौथी मंजिल पर पहुंचाया वॉटर, बोले- प्राधिकरण की वजह से आई आफत



**ग्रेटर नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के चलते एक सोसायटी में रहने वाले 1600 परिवार पानी के लिए तरस गए हैं। इस भीषण गर्मी में इन परिवारों को पानी के संकट का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल सेक्टर एमयू-2 स्थित पंप हाउस की मोटर शनिवार से खराब है। लोग टैंकर से चौथी मंजिल तक पानी ले जाने को मजबूर हैं। लोगों ने बताया कि एक पंप की मोटर पर अत्यधिक दबाव पड़ने के कारण वह आये दिन खराब हो जाती है। प्राधिकरण के जल विभाग के अधिकारियों से कई बार मोटर की मरम्मत कराकर दूसरी मोटर लगाने की मांग की जा चुकी है।

सेक्टर एमयू-2 में आरडब्ल्यूए के महासचिव दीपक ठाकुर ने बताया कि कॉम्प्लेक्स में 1904 फ्लैट हैं, जिनमें 1600 परिवार रह रहे हैं। इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। शनिवार सुबह वाटर पंप हाउस का मोटर खराब हो गया। ग्रेनो वेस्ट की गैलेक्सी नॉर्थ एवेन्यू-2 सोसायटी में शनिवार को भी पानी की समस्या बनी रही। हालांकि, ग्रेनो अथॉरिटी के जल विभाग की टीम परिसर में पहुंच गई है। उन्होंने पंप हाउस से आने वाली जलापूर्ति के प्रेशर व अन्य चीजों की जांच की।

निवासियों का आरोप है कि जलापूर्ति का दबाव कम है। इस कारण अधिक परेशानी हो गयी है। टैंकरों से ही आपूर्ति करना मजबूरी है। पानी की अधिक खपत से परेशानियां बढ़ रही हैं। पानी का प्रेशर कम होने से समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। एक तरफ बिल्डर प्रबंधन वहां रहने वाले निवासियों के लिए टैंकरों की व्यवस्था कर रहा है। शनिवार को भी पांच से अधिक पानी के टैंकर परिसर में आये।

### एसटीपी नहीं कर रहा काम

ग्रेनो अथॉरिटी में जल विभाग के मैनेजर अनोज कुमार आनंद ने बताया कि हमारी तरफ से पानी की सप्लाई की जा रही है। परिसर में लगा एसटीपी काम नहीं कर रहा है। पानी का प्रेशर पूरा आ रहा है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# गर्मियों के मौसम में इन चीजों का करें सेवन



## तरबूज

गर्मियों में तरबूज जैसी फलों का सेवन करना चाहिए जिनमें अधिकतर पानी होता है। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं और पानी की कमी नहीं होने देते हैं। तरबूज में विटामिन सी और ए जैसे पौष्टिक तत्व भी होते है। इसमें पोटेशियम भी होता है जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट को बनाए रखने में मदद करते हैं।

## खीरा



खीरा भी एक हाइड्रेटिंग फूड है जो पूरा पानी से भरपूर होता है और इसका सेवन करने से आप कैलोरी भी ज्यादा नहीं कंज्यूम करते हैं। यह आपके शरीर के तापमान को रेगुलेट करने में मदद करता है और टॉक्सिन को फ्लश आउट करने में सहायक होता है।

## नारियल पानी



नारियल का पानी गर्मियों में शरीर के लिए काफी लाभदायक रहता है। इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट होते हैं। यह गर्मियों के दौरान पसीने के रूप में फ्लूड लॉस से शरीर को बचाता है और शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।

## पुदीना



पुदीना एक रिफ्रेशिंग इंग्रेडिएंट्स होता है और शरीर पर इसका काफी कूल प्रभाव होता है। यह शरीर में पाचन को इंप्रोज करने में मदद करता है और इंफ्लेमेशन कम करने में भी सहायक है। पुदीने को आप सलाद, ड्रिंक्स या फिर चटनी आदि में मिला कर खा या पी सकते हैं।

## गर्मी में दही का सेवन करें

दही में प्रोबायोटिक होते हैं जो अच्छे बैक्टीरिया होते हैं और पाचन तंत्र के लिए लाभदायक होते हैं। यह शरीर की गर्मी को कम करने में, इन्फ्लेमेशन को कम करने में और पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करने में सहायक होती है। इसे स्नैक, सलाद में मिला कर खाया जा सकता है।

# हॉट मौसम में इन चीजों के सेवन से बचें

## स्पाइसी और फ्राइड फूड



स्पाइसी और फ्राइड फूड का सेवन करने से शरीर का तापमान बढ़ता है और आपको पाचन से जुड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है इसलिए इन्हें अवॉयड करे।

## कॉफी



कॉफी एक डायरेटिक का काम करती है और शरीर को डिहाइड्रेट कर सकती है इसलिए इसका सेवन ज्यादा न करें।



## शुगर से भरपूर ड्रिंक्स




आपको गर्मियों में शुगर से भरपूर ड्रिंक्स जैसे एनर्जी ड्रिंक्स, कोल्ड ड्रिंक्स या फिर सोडा का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे शरीर डिहाइड्रेट होता है और ब्लड शुगर लेवल भी तेजी से बढ़ सकता है।

## शराब



शराब का सेवन करने से शरीर डिहाइड्रेट होता है और इससे शरीर का तापमान भी बढ़ता है इसलिए इसको अवॉयड करें।


## निष्कर्ष

गर्मियों में अपनी डाइट का ध्यान रखना काफी जरूरी होता है। इसलिए कुछ भी खाने से पहले उसका आपके शरीर पर क्या असर पड़ेगा इस बारे में जरूर जान लें ताकि शरीर को नुकसान न पहुंच सके।

# गर्मियों में रहें स्वस्थ

## क्या खाएं और क्या न खाएं

गर्मियों का मौसम आपके पाचन तंत्र के लिए बिलकुल भी अच्छा नहीं होता है। इसलिए इस मौसम में आपको कुछ चीजों का सेवन करना चाहिए तो कुछ चीजों को अवॉइड करना चाहिए। गर्मियों के मौसम में हमारा शरीर ज्यादा बीमार होने के रिस्क में रहता है क्योंकि इसमें हमें डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ सकता है और ज्यादा गर्मी की वजह से इम्यूनिटी भी कमजोर हो सकती है। इस मौसम में हमारे त्रिदोष (वात, पित्त और कफ) भी इंबैलेंस हो सकते हैं और हमें बहुत सारी पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बहुत बार ऐसा होता है कि गर्मी में कुछ चीज खाने के बाद हमें उल्टी आने लगती है या फिर पेट में जलन होने लगती है। आपको इस मौसम में केवल शरीर के लिए हेल्दी चीजों का ही सेवन करना चाहिए और स्पाइसी और जंक फूड का सेवन काफी कम करना चाहिए।



# गर्भवती महिलाएं हाइड्रेशन का रखें पूरा ध्यान

वर्तमान में दिन के समय में तापमान बढ़ने लगा है, साथ ही गर्म हवाएं भी चलने लगी है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को धूप में जाने से बचना चाहिए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अविशा मालू के मुताबिक, यदि जरूरी हो, तो कपड़ा बांधकर ही बाहर निकले या फिर छाते का उपयोग करें। इस मौसम में हाइड्रेशन का अधिक ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए अधिक मात्रा में पानी पीएं। कई महिलाएं प्यास नहीं लगने पर पानी नहीं पीती है, लेकिन ऐसा बिल्कुल ना करें। परिवार के सदस्यों को गर्भवती महिलाओं के खानपान का पूरा ध्यान रखना चाहिए।



## तरल पदार्थ का सेवन करें

**जिन महिलाओं को डायबिटीज की समस्या है, उन्हें मीठा खाने से बचना चाहिए**

तरल पदार्थ नींबू पानी, छाछ, ज्यूस का भी सेवन करना चाहिए। जिन महिलाओं को डायबिटीज की समस्या है, उन्हें मीठा खाने से बचना चाहिए। यदि कमजोरी लग रही हो, तो नींबू पानी या फिर नमक-शक्कर का घोल पीना चाहिए। इसके बाद भी ठीक नहीं लगे, तो विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। साथ ही इन दिनों में तला हुआ खाने से बचना चाहिए। बाहर का तो बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए, इससे समस्या हो सकती है।

## नियमित चेकअप करवाएं



इस बात का भी ध्यान रखें कि यदि एसी के कम तापमान में कमरे में बैठे हैं, तो इसके तुरंत बाद धूप में बाहर नहीं निकलना चाहिए। साथ ही यदि धूप से आ रहे हैं, तो सीधे एसी के सामने बैठने से भी बचना चाहिए। वहीं, जिस भी डॉक्टर से इलाज करवा रहे हैं, उनसे नियमित चेकअप जरूर करवाना चाहिए। इसमें लापरवाही न बरतें।

# गर्म मौसम में नवजात शिशुओं की सुरक्षा कैसे करें

गर्मी आ गई है, और जबकि हममें से अधिकांश लोग बाहर समय बिताने और धूप सेंकने के लिए उत्साहित हैं, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि गर्म मौसम शिशुओं, विशेषकर नवजात शिशुओं के लिए खतरनाक हो सकता है। नए माता-पिता के रूप में, अपने बच्चे को गर्मी और धूप से बचाने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है। आपके नवजात शिशु को उनकी पहली गर्मियों के दौरान सुरक्षित और स्वस्थ रखने में मदद करने के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं।



## बच्चे को उचित पोशाक पहनाएं



गर्मी के महीनों के दौरान अपने बच्चे को हल्के रंग के, हल्के और सांस लेने योग्य कपड़े पहनाना महत्वपूर्ण है। सूती कपड़े चुनें जो आपके बच्चे को ठंडा और आरामदायक रखेंगे। अपने बच्चे को टाइट-फिटिंग कपड़े या बहुत अधिक परतें पहनाने से बचें क्योंकि इससे अधिक गर्मी हो सकती है।

## अपने बच्चे को हाइड्रेटेड रखें

नवजात शिशुओं में निर्जलीकरण का खतरा अधिक होता है, इसलिए गर्मी के महीनों के दौरान उन्हें हाइड्रेटेड रखना महत्वपूर्ण है। सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे को पर्याप्त मात्रा में स्तन का दूध या फॉमूर्ला दूध मिल रहा है, और यदि आपका बच्चा 6 महीने से अधिक का है, तो आप उसे पूरे दिन में थोड़ी मात्रा में पानी दे सकती हैं। अपने बच्चे को कोई भी जूस या स्पोर्ट्स ड्रिंक देने से बचें, क्योंकि उनमें चीनी की मात्रा अधिक हो सकती है।

**अपने बच्चे को धूप से बचाएं** : बच्चे की नाजुक त्वचा को धूप से बचाना महत्वपूर्ण है। अपने बच्चे को सीधी धूप से दूर रखें, विशेष रूप से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच जब सूरज सबसे तेज होता है। यदि आपको इन घंटों के दौरान बाहर रहने की आवश्यकता है, तो 30 या अधिक एसपीएफ वाले शिशु-सुरक्षित सनस्क्रीन का उपयोग करना सुनिश्चित करें।

## उपयुक्त बग प्रतिरोधी का प्रयोग करें



बच्चे विशेष रूप से कीड़े के काटने के प्रति संवेदनशील होते हैं, जो न केवल परेशान करने वाला हो सकता है बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। ऊएएळ युक्त शिशु-सुरक्षित बग विकर्षक का उपयोग करें, जो मच्छरों और टिक्स के लिए सबसे प्रभावी विकर्षक है। 30% से अधिक ऊएएळ वाले उत्पादों का उपयोग करने से बचें, और 2 महीने से कम उम्र के बच्चों पर ऊएएळ का उपयोग न करें।

**अपने बच्चे को ठंडा रखें** : ज्यादा गरम होना नवजात शिशुओं के लिए खतरनाक हो सकता है, इसलिए गर्मी के महीनों के दौरान उन्हें ठंडा रखना महत्वपूर्ण है। अपने बच्चे को अच्छे हवादार क्षेत्र में रखें और कमरे को ठंडा रखने के लिए पंखे या एयर कंडीशनर का उपयोग करें। आप अपने बच्चे को आसानी से सांस लेने में मदद करने के लिए कूल मिस्ट ह्यूमिडिफायर का भी उपयोग कर सकते हैं।

**कार सुरक्षा का रखें ध्यान** : बच्चे को कभी भी खड़ी कार में न छोड़ें। हमेशा सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा कार की सीट पर ठीक से सुरक्षित है और उन्हें कभी भी अकेला न छोड़ें।

# बच्चों को ले जाएं हिल स्टेशन



यदि आप गर्मी की छुट्टियों में भारत की ठंडी जगहों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आपको भारत के टॉप हिल स्टेशन पर जाना चाहिए। हालांकि सभी जानते हैं कि अधिकतर ठंडी जगह तो उत्तराखंड, हिमाचल, लद्दाख और कश्मीर में ही पाई जाती लेकिन इसके अलावा भी भारत में ऐसी जगहें हैं जहां पर आपको ठंडक का अहसास होगा।



## शिलॉन्ग

यदि आप गर्मी के माह ठंठी जगह पर घूमना चाहते हैं तो मेघालय जरूर जाएं। यहां प्रमुख रूप से शिलॉन्ग को जरूर देखें। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग भारत का सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन है। इसे पूर्व का स्कॉटलैंड कहा जाता है। यहीं पास में चेरापूंजी भी है।

## शिमला

भारत के अधिकतर पर्यटक गर्मी में हिमाचल घुमने जाते हैं। हिमाचल में शिमला और मनाली सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन है। यहां घाटी और चारों ओर हिमालय पर्वत की चोटियों का सुंदर दृश्य दिखाई देता है। शिमला से मनाली लगभग 275 किलोमीटर दूर है। चारों ओर से पहाड़ों से घिरे मनाली को देखकर रोमांच और रोमांस का अनुभव होता है।

## ऊटी

तमिलनाडु का विश्व प्रसिद्ध शहर ऊटी को पहाड़ों की रानी कहा जाता है। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल उधगमंडलम या ऊटी को डेस्टिनेशन स्पॉट बनाने में जॉन सुल्लिवन के योगदान को माना जाता है। यहां दूर-दूर तक फैली हरियाली, चाय के बागान, तरह-तरह की वनस्पतियां आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। पहाड़ी से पहाड़ों, घाटियों और पठारों के नयनाभिराम दृश्य निहारना बेहद खूबसूरत अनुभव है। यहां इन्हें निहारने के लिए दूरबीन का प्रबंध किया गया है।

**पचमढ़ी** : मध्यप्रदेश में अमरकंटक के पास ही होशंगाबाद जिले में पचमड़ी बहुत ही खूबसूरत हिल स्टेशन है। ऊंचे ऊंचे पहाड़, झील, झरने, गुफाएं, जंगल सभी कुछ हैं यहां पर। झरनों के लिए आप मध्यप्रदेश के पचमड़ी में जाएं। हालांकि झरनों का शहर रांची को माना जाता है।

## मसूरी

मसूरी हिल स्टेशन उत्तराखंड राज्य का पर्वतीय नगर है जो गंगोत्री का प्रवेश द्वार भी है। मसूरी के एक ओर से गंगा नजर आती है तो दूसरी ओर से यमुना नदी। यहां पर दुर्लभ वनस्पतियां और जीव जंतु पाए जाते हैं। यहां के ऊंचे ऊंचे पहाड़ और हरी भरी छटा देखते ही बनती है। पतली घुमावदार सड़कें, हरे-भरे पेड़, दूर तक नजर आती ऊंची-नीची पहाड़ियां, एक ओर दूर नजर आते बर्फ से ढंके सफेद पहाड़, दूसरी ओर पहाड़ों की गोद में बने छोटे-छोटे घर यानी देहरादून शहर।

## अल्मोड़ा

अल्मोड़ा भारत के उत्तराखंड राज्य का एक बहुत ही सुंदर नगर है। इसके पूर्व में पिथौरागढ़ व चम्पावत, पश्चिम में पौड़ी, उत्तर में बागेश्वर, दक्षिण में नैनीताल स्थित है। अल्मोड़ा में घूमने लायक जगह जीरो पाइंट बहुत ही अद्भुत है जो बिनसर अभ्यारण्य में बहुत ऊंचाई पर स्थित है। यहां से आसमान को देखना बहुत ही रोमांचित कर देगा साथ ही यहां से केदारनाथ और नंदादेवी की चोटी को देखना तो आपके आश्चर्य और रोमांच को और भी ज्यादा बढ़ा देगा। यहां से हिमालय की वादियों का दृश्य आपको स्वर्ग में होने का अहसास देगा।

## लेह (लद्दाख)

भारतीय राज्य लद्दाख में एक क्षेत्र है जिसे लेह कहा जाता है। प्रकृति की सबसे सुंदर छटा यहां देखी जा सकती है। ट्रैकिंग और रोमांच भरी साहसी यात्रा के शौकिन लोगों के अलावा प्रकृति के प्रति लगाव रखने वाले लोगों के लिए लेह सबसे खूबसूरत जगह है। लेह जाने के लिए सड़क मार्ग से दो रास्ते हैं- एक मनाली से और दूसरा श्रीनगर से।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया गोविंदपुरम मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## मतगणना स्थल की तैयारियों का भी लिया जायजा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी और मतगणना का यह कार्यक्रम गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में होना है। मतगणना से पूर्व लगातार चुनाव आयोग के पर्यवेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारी यहां का निरीक्षण कर रहे हैं।

इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और एसडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां अलग-अलग विधानसभावार जो कक्ष बनाए गए हैं, उनकी देखरेख की। यहां सुरक्षा में तैनात अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों से वातालाप करने के साथ ही आगामी 4 जून को लेकर की जा रही तैयारियों का इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जायज भी लिया। बता दें कि बीते दिनों जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने यहां की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे, उसी का जायजा लेने के लिए वह रविवार को पहुंचे थे।

### मतगणना कक्ष में लगा दी गई है सुरक्षा शीट

करंट क्राइम। 4 जून को गाजियाबाद की गोविंदपुरम अनाज मंडी में अलग-अलग विधानसभा वार मतगणना शुरू होगी। ईवीएम के जरिए अलग-अलग विधानसभा की मतगणना के लिए एक बड़े हिस्से को चुना गया है। जिसमें विधानसभा वार स्थान चिन्हित किया गया है। यहां कर्मचारियों के लिए टेबल, कुर्सी, हवा की व्यवस्था के लिए पंखे, बिजली और लाइटिंग की व्यवस्था के साथ ही आने और जाने का प्रवेश और निकास द्वार बनाए जा रहा हैं। साथ ही सुरक्षा के लिहाज से यहां सुरक्षा कवच भी लगाया जा रहा है ताकि असुरक्षा और किसी प्रकार की असुविधा ना हो। वही मतगणना को ध्यान में रखते हुए पुलिस और सुरक्षा के अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

# अधिष्ठापन समारोह में भारत विकास परिषद की नई टीम ने ली शपथ



**साहिबाबाद ,करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद वैशाली वसुंधरा शाखा का अधिष्ठान एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। नवीन पदाधिकारियों को सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आरआर खन्ना ने किया। कार्यक्रम में प्रान्तीय महासचिव कवित बंसल द्वारा हरीश मिश्रा को शाखा अध्यक्ष, ऋतु शर्मा को सचिव, सुरभि गुप्ता को कोषाध्यक्ष, कुंतल वार्ष्णेय को महिला संयोजिका की शपथ दिलाई गई। साथ ही कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को तथा सभी नवीन शाखा सदस्यों को भी शपथ दिलायी गई । प्रान्तीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया एवं शाखा द्वारा किए जा रहे स्थाई प्रकल्पों व सेवा कार्यों की काफी प्रसंशा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष हरीश ने की एवं कुशल मंच संचालन सचिव ऋतु के द्वारा किया गया। जिला संयोजक लोकेश कुमार, कई सामाजिक संस्थाओं का दायित्व संभालने वाले परिषद के संरक्षक राकेश अग्रवाल , प्रताप मोहन अग्रवाल , शशि प्रकश शर्मा का भरपूर सहयोग और सानिध्य शाखा को मिला।

# यशोदा अस्पताल के चिकित्सकों ने गुदाद्वार में फंसी वस्तु बिना सर्जरी निकाली



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सर्जरी व गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग की टीम ने एक युवक के गुदाद्वार में फंसी वस्तु को बिना सर्जरी के निकाल दिया। हॉस्पिटल के सीओओ डॉ. सुनील डागर ने बताया कि गुजरात के मरीज को कई अस्पतालों ने बड़ी सर्जरी कराने को कहा था। डॉ. कुणाल दास व डॉ. विजय पांडे ने कोलोनोस्कोपी की मदद से बिना सर्जरी के यह वस्तु निकाल दी। वस्तु आंत के पास तक चली गई थी, जिस कारण इसे निकालने में 40 मिनट लग गए , करीब सवा घंटे इलाज चला। हॉस्पिटल के सीएमडी डॉ. पीएन अरोड़ा ने पूरी टीम की प्रशंसा की।

# करणी सेना ने कई स्थानों पर लगाया रक्तदान शिविर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** करणी सेना की गाजियाबाद इकाई ने गाजियाबाद ब्लड सेंटर के सहयोग से रविवार को नटखट द प्ले स्कूल, आदित्य वर्ल्ड सिटी तथा एनएच-24 पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सिंह , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक तोमर प्रदेश संगठन महामंत्री रीना चौहान, जिला अध्यक्ष निशित रावल, जिला संगठन महामंत्री भूपेंद्र चौहान, हेमंत तंवर, मोहित राज, विशाल सोलंकी,नीता सिंह , पंकज राणा, तनुज परमार व राहुल ठाकुर रक्तदान किया।

अन्य लोगों में पीएल शर्मा, सुदीप अग्रवाल,तूलिका तोमर, शेखर ठाकुर, केशव शर्मा, इशांत अग्रवाल,राहुल ठाकुर,सतेंद्र सिंह,अनिल सहगल,सुशांत गर्ग,अमरजीत सिंह,विकास कुमार शर्मा,मनोज गुप्ता,रोहित शर्मा,दुष्यंत प्रताप सिंह,कृष्ण कुमार, कर्मवीर सिंह, प्रवीन कुमार, प्रिंस पुंडीर,हरिओम शर्मा,नितिन सिंघल, भरत डांगवार ने भी शिविर में दिल खोलकर रक्तदान किया।

# डीपीएस एचआरआईटी कैंपस में हुआ स्कॉलर बैच समारोह





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** डीपीएस एचआरआईटी कैंपस में स्कॉलर बैच समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि यशिका भारद्वाज, विद्यालय की डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या नंदिनी शेखर द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 में शिक्षा एवं गतिविधियों के क्षेत्र में उत्तम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गये । रामानुजन सदन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु ट्राफी प्रदान की गई।

छात्रों द्वारा नृत्य, गीत, नाटिका आदि रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। नई शिक्षा नीति एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा पर आधारित नुक्कड़ नाटिका कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि यशिका भारद्वाज एवं विद्यालय की डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नंदिनी शेखर द्वारा भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मां का आशीर्वाद और पूरा परिवार इसे कहते हैं सौभाग्य और संस्कार। पूर्व मेयर अशु वर्मा की माता जी का जन्मदिन विशुद्ध भारतीय अंदाज में उतरते बैसाख की एकादशी पर होता है। माता जी ने आयु का 87वां सोपान पूरा किया। पूरे परिवार ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पल को पूर्व मेयर अशु वर्मा ने फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

